लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

वर्ष 3, अंक 281, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 1 जून 2025

www.amritvichar.com





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**

39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 16
सूर्यास्त 06 :57




कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...12



# अब हर मौसम में होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन विश्व की अत्याधुनिक फेको मशीन द्वारा

## आयुष्मान कार्ड धारकों एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य योजना कार्ड धारकों का बिना इन्जेक्शन, बिना पट्टी, फेको विधि से

# निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन



आरगोस-ऑप्टिकल बायोमीटर



एल्कॉन वैरिऑन इमेज गाइडेड सिस्टम



सेंचुरियन-फेको मशीन

**समस्त हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) उपलब्ध**

# डॉ. यशवंत सिंह कटियार

एम.बी.बी.एस., एम.एस. (वरिष्ठ नेत्र सर्जन)
फोल्डेबल IOL एण्ड फेको विशेषज्ञ

# आदर्श हॉस्पिटल

समय: प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं सांय 06 बजे से 08.30 बजे तक

जे—929, बर्रा बैंक (निकट स्टेट बैंक) कानपुर

9415330718, 8400514020

नोट- सभी मरीजो को अपने साथ आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

# विशेष सचिव विद्यालय का ताला बंद देख भड़के

संवाददाता, अमृतपुर

- ब्रह्मदत्त विद्यालय में विशेष सचिव को मिलीं खामियां
- खंड शिक्षा अधिकारी को लगाई फटकार

**अमृत विचार।** विशेष सचिव नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन विभाग मनोज कुमार राय ने अमृतपुर क्षेत्र के ब्रह्मदत्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय की खामियां देखीं और खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार सिंह को लताड़ लगाई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में तैनात कोई भी अध्यापक मौके पर मौजूद नहीं पाया गया। विशेष सचिव मनोज कुमार राय ने विद्यालय की व्यवस्था का हाल जानना चाहा परंतु विद्यालय में ताले लटकने से निरीक्षण नहीं हो सका। जिसके बाद उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुए ताले खुलवाने के निर्देश दिए।

विशेष सचिव ने अध्यापकों से जानकारी लेनी चाही तो उन्हें पता चला कि कोई भी अध्यापक मौके पर नहीं आया। जिसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार को फटकार लगाई और उन्होंने विद्यालय के अंदर बने कक्षों में बिना पुट्टी के पुताई कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा खंड शिक्षा अधिकारी को 15 दिन के अंदर पुट्टी कराकर सफेद पुताई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में ब्लैक बोर्ड की जगह व्हाइट बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष का निरिक्षण किया तो खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस सत्र में इसकी शुरुआत की जाएगी, जिसके बाद विशेष सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कई कमियां उजागर हुई। जिसको लेकर उन्होंने फटकार लगाई और अधिकारियों से कहा कि गलती होने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके बाद उन्होंने यहां संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। कार्यकर्ता से केंद्र के बच्चों आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही बच्चों का समय से वजन करने को कहा। उन्होंने ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। बाद में उनका काफिला आगे अमृतपुर स्थित पंचायत भवन पहुंचा। पंचायत भवन के निरीक्षण में उन्होंने ग्राम प्रधान को सुधार करने के निर्देश दिए। उसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। जहां सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। उन्होंने पैथोलॉजी, दवाइयों के स्टोर रूम तथा लेबर रूम का निरीक्षण किया। कार्यक्रम एवं निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ मौजूद रही। ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, खंड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल, अमृतपुर कानूनगों विवेक कुमार पांडेय, लेखपाल कुलदीप तिवारी, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, राजेपुर चिकित्सा प्रभारी आरिफ सिद्दीकी, खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार सहित जिले के अन्य आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।


आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते विशेष सचिव नागरिक सुरक्षा मनोज कुमार रॉय।

## समर कैंप में बच्चे सीख रहे नया हुनर

**फर्रुखाबाद।** महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कौशल का प्रदर्शन किया।

कैंप सुबह 7 से 10 बजे तक चलता है। शनिवार को छात्राओं ने रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर उनके बारे में परिचय देते हुए उनकी वीरता, न्याय के बारे में जाना। प्रभारी प्रधानाचार्य आदेश गंगवार ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उससे होने वाले दुष्प्रभावों पर जागरूक किया एवं बच्चों के साथ शपथ ग्रहण कर बच्चों को अवगत कराया। शिक्षिका दीप्ति सिंह ने बच्चों को तरह-तरह के व्यंजन बनाने की विधि को समझाया। विद्यालय में रिंकू एवं अन्य लोगों का भी सहयोग रहता है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर की थी किशोरी की हत्या

### पुलिस ने हत्या के आरोप में मां-बेटे को किया गिरफ्तार, ग्राम कुआं की मडैया में हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गत दिनों हुई किशोरी की हत्या का शनिवार को अमृतपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। बताया कि किशोरी द्वारा छेड़छाड़ा का विरोध करने पर उसे युवक ने मौत के घाट उतार दिया और मां की सहायता से शव को पड़ोसी के भूसे में रख दिया। पुलिस ने हत्या आरोपी युवक व उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार और क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या के मामले में ग्राम कुआं की मडैया करनपुर दत्त निवासी विजय कुमार व उसकी मां नीलम को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमृतपुर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने किशोरी सुमन के हत्या के आरोपियों को पुलिस लाइन में पत्रकारों के सामने पेश किया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया की किशोरी की हत्या के मामले में गांव के विजय कुमार पुत्र रामशरण एवं रामशरण की पत्नी नीलम को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया हथौड़ा, टब एवं खुरपी बरामद की गई है। पुलिस को विजय ने बताया गया कि 26 मई को मौका पाकर उसने सुमन के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। सुमन द्वारा विरोध करने पर उसे जान से मार दिया और प्लास्टिक के टब में सुमन को घुटने मोड़कर रखा और बाहर पानी बरस रहा था। टब को अपने सामने वाले दूसरे घर में भूसे वाले कमरे में ले गया। टब को वहां रखकर कमरे में रखी खुरपी से शव को जमीन में दबाने के लिए गड्ढा खोद रहा था तभी मां नीलम आ गई। बारिश का मौसम होने के कारण दोनों ने शव को अपने घर में एक गड्ढा खोदकर उसमें छिपाने का प्रयास किया। उसके बाद बदबू आने पर शव को वहां से निकालकर पड़ोसी के घर में रखे भूसे के ढ़ेर में छुपा दिया था। गौरतलब है कि महावीर की 13 वर्षीय गायब पुत्री सुमन का शव भूसे के ढ़ेर में मिलने से सनसनी फैल गई थी।


पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। अमृत विचार

## गैर इरादतन हत्या के दोषी तीन भाइयों को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। 20 साल पहले पड़ोसी को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल करने के मामले में न्यायालय ने तीन भाइयों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। दोषियों पर 28-28 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सुनवाई के दौरान एक अभियुक्त की मौत हो चुकी है।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खरिक निवासी दिलदार शर्मा ने पड़ोस के पिता, पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि 21 नवम्बर 2004 को उसके वृद्ध बाबा रामगोपाल शर्मा घर के बाहर पेशाब करने लगे। यह देखकर पड़ोस के ही प्रभुदयाल शर्मा उसके पुत्रगण मउवा उर्फ विश्वनाथ, मंशाराम व खिलौना उर्फ रामकुमार ने उसके वृद्ध बाबा को गाली गलौज की, विरोध करने पर लाठी डंडे, तमंचे ले आए और मारपीट करने लगे। खिलौना उर्फ रामकुमार ने तमंचे की नाल उसके सिर पर मार दी जिससे सिर फट गया, जब उसका भाई हुस्नदर व चाचा लालाराम बीच बचाव करने गए तो उन्हें भी मारा। पुलिस ने विवेचना पूरी कर पिता पुत्रों सहित चारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास में न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रभुदयाल शर्मा की मौत हो गई। मुकदमें की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट तरुण कुमार सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। गवाह व साक्ष्य के आधार पर मउवा उर्फ विश्वनाथ, मंशाराम व खिलौना उर्फ रामकुमार को गैर इरादतन हत्या का दोषी करार देते हुए प्रत्येक को तीन-तीन साल कारावास एवं प्रत्येक को 28-28 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## सार-संक्षेप

### फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। कायमगंज नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी रागिनी (25) पत्नी आनंद सक्सेना ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी सूचना पुलिस व रागिनी के मायके वालों को दी गई। मायके वाले मौके पर पहुंचे। रागिनी की मां संसार देवी निवासी नरसिंहपुर ने बताया कि दामाद शराबी है और बेटी को रोज मारता पीटता था। एक दिन पहले 30 मई को समझाया था। लेकिन उसे मारा पीटा था दामाद व उसके घर वालों पर गंभीर आरोप लगाये। आरोप लगाया कि बेटी को मारकर फांसी के फंदे पर लटका दिया। रागिनी के दो पुत्र 3 वर्ष व 6 माह हैं। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### स्वर्ण पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 28 मई तक यूनिवर्सिटी भोपाल में किया गया। इसमें जनपद से तीन खिलाड़ियों ध्रुव शुक्ला, युवराज, अंजू यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद फर्रुखाबाद का नाम रोशन किया है। नेशनल चैंपियनशिप के विजेताओं को शिल्की मिश्रा व खुशबू मिश्रा ने अपने एनजीओ के साथ विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वहीं खुशबू मिश्रा एवं एनसीसी लेफ्टिनेंट शिल्पी मिश्रा ने कैडेट्स के साथ स्वर्ण पदक विजेताओं का माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ध्रुव शुक्ला के पिता राजकिशोर शुक्ला एवं मां सीमा शुक्ला का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं शिल्पी मिश्रा ने जिला सचिव को उपहार स्वरूप टी-शर्ट भेंट कर इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए अग्रिम बधाई दी। साहसी बालिका संस्था एनजीओ की खुशबू मिश्रा ने कहा कि हमें ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी तन मन धन से मदद करनी चाहिए। ध्रुव शुक्ल ने बताया की इस समय जनपद में सौ खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

### सड़क हादसों में 7 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्योना निवासी अमित मिश्रा (35), जनपद बदायूं के थाना उसावां क्षेत्र के गांव नगला कदम निवासी आशाराम (35), कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी सत्यदेव (28), जनपद कासगंज के थाना पटियाली निवासी धर्मेंद्र (25), कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी शिमला देवी (65), पत्नी रामेश्वर व सुरेंद्र पाल (45) व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर निवासी अमित (18) घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए शिमला देवी व सुरेंद्र पाल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### संगठन की मजबूती के लिए एकता बहुत जरूरी

**नवाबगंज (फर्रुखाबाद)।** नगर पंचायत में स्थित रामा मेडिकल एंड फॉर्मा क्लिनिक पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नवनियुक प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार का जिलाध्यक्ष व अर्पित यादव ने माला पहना कर स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार ने बैठक में संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। वहीं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने संगठन के सभी सदस्यों को सक्रिय होने, एकजुट होकर काम करने व सभी की समस्याओं में एक साथ खड़े होकर संगठन के साथ चलने की बात कही। कहा कि यदि हम संगठन में मिलकर रहेंगे तो हमारा कोई भी उत्पीड़न नहीं कर पाएगा। हम अनेक है इस लिए हमें प्रताड़ित किया जाता है। अगर हम एक हों जाएंगे तो किसी में ताकत नहीं कि हमें बेवजह परेशान कर सकें। प्रदेश में 2 लाख से अधिक फार्मासिस्ट है। लेकिन सरकार द्वारा केवल 100 वैकेंसी ही दी जाएंगी। इस मौके पर जितेंद्र कुशवाह, प्रदीप कुशवाह, अर्जुन शुक्ला, अभय यादव आदि मौजूद रहे।

### खोए 151 मोबाइल एसपी ने मालिकों को सौंपे

**कन्नौज।** सर्विलांस टीम ने खोए हुए 151 मोबाइल जिनकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये है खोज निकाले। एसपी व एएसपी ने इनको उनके मालिकों को बुलवा कर पुलिस कार्यालय में सौंप दिया। जनपदीय सर्विलांस टीम ने ये सभी फोन केयर पोर्टल के माध्यम से बरामद किए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार व सीओ लाइन कुलवीर सिंह ने शनिवार को मोबाइल धारकों को फोन सौंपे। मोबाइल धारकों को अपना खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस की प्रशंसा की। गुम हुए मोबाइल बरामद करने में निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस, हेड कांसटेबल दुष्यन्त यादव, सिपाही शिवराज यादव, शुभम कुमार, दीपक आदि रहे।


समर कैंप में मौजूद छात्र-छात्राएं।

### समर कैंप में प्रतिभा निखार रहे छात्र-छात्राएं

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्लाक गुगरापुर के ग्राम मोहनपुर रतनपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशन पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इंचार्ज प्रधानाध्यापक विपिन माथुर ने बताया कि छात्र छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ साथ प्राचीन शिक्षा के अंतर्गत व्यायाम, योग अभ्यास, शिल्प कला, नैतिक शिक्षा, रंगोली, मेंहदी, चित्रकला आदि की जानकारी शिक्षक किरन चौहान, स्नेहलता के द्वारा दी जा रही हैं। एसएमसी अध्यक्ष संतोष शर्मा व ग्राम प्रधान प्रदीप शुक्ला के द्वारा समर कैंप में विशेष सहयोग किया जा रहा है।

### साप्ताहिक बंदी की घोषणा पर बंद रहे प्रतिष्ठान

**कन्नौज।** मानीमऊ मार्केट को शिनवार को बंदी की घोषणा के बाद भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर कमेटी के आह्वान पर संपूर्ण मार्केट बंद रहा। सभी व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी का पूर्ण पालन किया। मानीमऊ नगर कमेटी ने 15 दिन पूर्वी इस संदर्भ में बैठक के दौरान निर्णय लिया था।कमेटी ने ई-रिक्शा से अनाउंस करवा कर एवं पोस्टर बैनर से सभी गांव-गांव में सप्ताहिक की बंदी प्रत्येक शनिवार को होने की जानकारी दी थी। इस का असर पहले शनिवार को दिखाई दिया। जिला अध्यक्ष राज शर्मा को मनीमाऊ मे सफल बंदी होने पर सभी नगर कमेटी के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की सराहना की है।

### सेवानिवृत होने पर शाखा प्रबंधक को दी विदाई

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा जलालाबाद के प्रबंधक संजय कुमार त्रिवेदी के सेवानिवृत होने पर शनिवार को अधिकारियों, कर्मियों व स्थानीय लोगों ने यादगार विदाई दी। भाजपा नेता विनय अवस्थी ने माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। फील्ड ऑफिसर दिव्या सिंह ने प्रबंधक की ईमानदारी व निष्ठा की सराहना की। प्रबंधक ने भी सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान विनीत पांडे, मलिक पांडे, बैंक मित्र मदन सिंह, महावीर, आदर्श वर्मा मौजूद रहे।

### मानसिक मंदित महिला की उपचार के बाद मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी हेल्थ डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा संचालित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह के प्रबंधक डा. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 15 अप्रैल को एक अज्ञात मानसिक मंदित महिला (59) को बरेली से संस्था में लाया गया था। 19 मई को वह बीमार पड़ गई तो नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सक ने शुक्रवार को उसे डिस्चार्ज कर दिया। रात में उसकी की मौत हो गई। प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### बाइक सवारों ने पेट्रोल डालकर दुकान में लगाई आग

**गुरसहायगंज।** बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने पेट्रोल डालकर दुकान में आग लगा दी। इससे दुकान में बैठे लोगों में हडकंप मच गया। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी जुनैद पुत्र रफी अहमद ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मोहल्ला रामगंज स्थित मार्केट में उसकी खानपान की दुकान है। 30 मई की रात लगभग 10 :50 बजे बाइक से दो अज्ञात युवक आए। उन्होंने पेय कॉकटेल का आर्डर दिया जिसे वह तैयार करने लगा। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने बाइक में रखी शीशी निकाल कर दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उसके मित्र अजहर व मेराज ने शोर मचाया तो युवक भाग निकले। आग से दुकान में रखा लाइसेंस एवं अन्य सामान जल गया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### शहर के 3 केंद्रों पर आज बीएड प्रवेश परीक्षा

**कन्नौज।** शहर के 2 महाविद्यालयों व 1 इंटर कॉलेज में 1 जून यानि आज दो पालियों में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2025-27 होगी। एडीएम आशीष सिंह ने बताया कि स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर पहली पाली का सुबह 06 :30 और दूसरे द्वितीय सत्र में दोपहर 12 :30 बजे उपस्थित होकर परीक्षा कक्षों का निरीक्षण करेंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चलेगी। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज, राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर व केके इंटर कॉलेज में कुल 1211 परीक्षार्थी इम्तिहान देंगे।

### टीम ने किया अस्पतालों का निरीक्षण

**गुरसहायगंज।** राजस्व, स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की टीम ने शनिवार को नगर के निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। टीम ने निजी अस्पतालों में एमबीबीएस डाक्टर, वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स की उपलब्धता को देखा। आईसीयू में बेड, लेबर टेबल आदि बिंदुओं का निरीक्षण कर निर्देश दिए। अन्य सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान तहसीलदार छिबरामऊ अवनीश कुमार, सीएचसी छिबरामऊ चिकित्सक राहुल मिश्रा, लेखपाल कौशल पाण्डेय, उप निरीक्षक विनोद कुमार कश्यप ने आदि मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक युवक की मौत

**गुरसहायगंज।** तेज गति से आ रही बाइक हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शनिवार की दोपहर हरदोई के थाना मल्लावां चपरतला निवासी कौशल राजपूत (22) पुत्र रूपलाल ग्राम अमरौली निवासी बाइक से बहन के यहां जा रहा था। बाइक मिरगावां स्थित कट के पास पहुंची तभी डिवाइडर से टकरा गई। इससे युवक घायल हो गया। उपचार के लिए ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### नकली कोल्डड्रिंक बिक्री मामले में रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा।** डुप्लीकेट कोल्डड्रिंक की बिक्री की सूचना पर ब्रांडेड कंपनी के लोगों ने करीब 1300 पेटी नकली कोल्डड्रिंक को पकड़ लिया। सैल्स मैनेजर की तहरीर पर कमलेपुर्वा गांव निवासी राधेश्याम वर्मा व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।


एसडीओ को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## विद्युत कटौती पर रोष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिजली घर पहुंच कर रोष जता एसडीओ को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सयुंक्त महामंत्री सुशील दुबे, जिला सयुंक्त महामंत्री संजीव गुप्ता संजू, रामकुमार पाठक, अनुराग गुप्ता, टिंकू बाथम, केके राजपूत, मनोज गुप्ता, यतीश प्रजापति, यतीश प्रजापति, भूरा कठेरिया, आनंद यादव, कयूम खान, कंचन गुप्ता, शाहनवाज आदि व्यापारियों ने बिजली घर पहुंच कर एसडीओ ब्रजेश कुमार सरोज को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे, कांगेस नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, जुगुल किशोर पाठक मौजूद रहे।

## मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए जमीन की नापजोख

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर से सटे गदनपुर बड्डू इलाके में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय निर्माण के लिए जमीन की नापजोख शुरू हो गई है। बीएसए, डीसी निर्माण और कार्यदायी संस्था के सर्वेयर मौके पर पहुंचे।

कई सालों से गदनपुर बड्डू में स्टेडियम बनाने के लिए खेल विभाग के नाम से चिन्हित 18.46 एकड़ जमीन में से 10 एकड़ पर मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाने के लिए विभाग से एनओसी मिल गई है। इसका पत्र भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने भेजा है। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, डीसी निर्माण पीयूषकांत शर्मा व कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के सर्वेयर जमीन देखने पहुंचे। उन्होंने उसके समतलीकरण कराने पर चर्चा की। साथ ही महानिदेशक की ओर से कार्यदायी संस्था से मांगे गए डीपीआर पर भी बात रखी। कहा गया है कि जमीन ऊबड़-खाबड़ है जिसका समतलीकरण भी किया जाएगा। अतिरिक्त मिट्टी का भराव भी किया जा सकता है। प्रस्तावित स्कूल में कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं लगेंगी और करीब 1500 विद्यार्थियों के पढ़ने का इंतजाम होगा। बताते चलें कि सबसे पहले 28 मई को आपके अपने समाचार पत्र अमृत विचार ने ही शीर्षक 'गदनपुर बड्डू में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय' से खबर प्रकाशित कर जानकारी दी थी।


गदनपुर बड्डू में जमीन देखने पहुंचे बीएसए संदीप कुमार, डीसी व सर्वेयर। अमृत विचार

- बीएसए व कार्यदायी संस्था के सर्वेयर पहुंचे गदनपुर बड्डू


कन्नौज
गदनपुरबड्डू में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर। फाइल फोटो

**कार्रवाई** | गुरसहायगंज में 65 क्विंटल 10 किलोग्राम नकली धान का बीज मिलने का मामला

# आदित्य बीज एजेंसी को नोटिस, करनाल भी जाएगा ई-मेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज में 30 मई को 65 क्विंटल 10 किलो नकली धान का बीज मिलने के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला कृषि अधिकारी ने आदित्य बीज एजेंसी को नोटिस जारी किया है। साथ ही वेस्ट सीड्स करनाल को भी ई-मेल जाएगा। बताया कि शक्ति सीड्स लखनऊ के भी प्रतिनिधि मौके पर आए थे, उन्होंने ब्रांड की नकल करने का आरोप लगाया है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि गुरसहायगंज स्थित आदित्य बीज एजेंसी के लिए दो दिन पहले धान का बीज उतरा। दोपहर में उनको सूचना मिली कि बीज नकली है। सूचना पुलिस व कंपनी को भी दी गई। बताया कि करनाल के वेस्ट सीड्स कंपनी का बिल बरामद हुआ है जिस पर ताज क्वालिटी लिखी है। उधर, एजेंसी के संचालक ने बताया कि उसने 1509 नंबर का बीज मंगाया था। यह बीज उसका नहीं है। अब तक किसी ने बीज पर दावा नहीं किया है। इससे शक्ति सीड्स लखनऊ की टीम ने गुरसहायगंज में ही उसे अपनी देखरेख में रखवा दिया। लखनऊ की टीम का कहना है कि बीज मिस ब्रांड (नकली) है वह करनाल की कंपनी को नोटिस जारी करेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गुरसहायगंज के बीज विक्रेता को अगर बीज नहीं लेना था तो वापस कर देना चाहिए था। इस वजह से नोटिस जारी किया गया है। चूंकि बिलवेस्ट सीड्स करनाल का मिला है और उस पर चंदू देव नाम लिखा है, इस हिसाब से ई-मेल से नोटिस भेजा जाएगा। पूछा जाएगा कि दूसरे प्रदेश में व्यापार की अनुमति है या नहीं। साथ ही धान का बीज कितना भेजा गया और किस कंपनी का कौन से विक्रेता के लिए यह भी जानकारी की जाएगी। बिल में बीज की कीमत 11 लाख 39 हजार 350 रुपये बताई गई है। चर्चा है कि बीज भेजने वाले व मंगाने वाले ने समझौता कर लिया इसलिए रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हालांकि मौके से माल बरामद होने व बिल मिलने और लखनऊ की कंपनी के नकली का दावा करने के बाद से कृषि विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान बीज का सैंपल लिया गया है। जांच के लिए उसे प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी तरह से तय हो सकेगा कि बीज किस तरह का है।


सड़क किनारे पड़े धान के बीज के पैकेटों को देखते लोग। अमृत विचार

### 10 लाख लेकर भेज दिया था 11 लाख का नकली बीज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित बीज व्यापारी ने पंजाब के व्यापारी को गेहूं बीज खरीदने के लिए दस लाख रुपये दिए थे। इसी बीच पंजाब के व्यापारी ने 11,39,250 रुपये का गुरुवार को 65 क्विंटल 10 किग्रा 217 बोरियों में धान का बीज दुकानदार के पास भेज दिया। दुकानदार ने बीज लेने से इनकार कर दिया और 10 लाख रुपये वापस मांगे। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे जहां रुपये की वापसी का लिखित समझौता कर लिया गया। दुकानदारों ने बीज सड़क किनारे फेंक दिया। इसकी सूचना पर पहुंते शक्ति सीड्स प्राइवेट कम्पनी के रीजनल मैनेजर सुनील कन्नौजिया और जितेन्द्र सिंह ने असली पैकिंग से बीज की पैकिंग का मिलान किया। इसमें माल नकली पाया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बीज का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया। बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित व्यापारी व कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 281, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 1 जून 2025




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 16
सूर्यास्त 06 :57



कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...12

## राजीव कृष्ण बनाए गए उप्र के कार्यवाहक डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार

**अमृत विचार :** 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक( डीजीपी ) बनाया गया है। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल पाया।

राजीव कृष्ण वर्तमान में डीजी विजिलेंस के साथ यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वह 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड' कर डीजीपी बनाए गए हैं। मूल रूप



से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड भी मिल चुका है। अपने तीन दशक से अधिक लंबे करियर में कई अलग-अलग भूमिकाओं में कार्य किया है।

# देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

### सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग भवन का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति ( सीजेआई ) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्व: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल सीएम हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

## एक नजर

### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2 .56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

### प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें ( आतंकवादियों को ) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर ( पीओके ) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

# खाई में पलटी कार, दूल्हे के दो चचेरे भाई समेत छह की मौत

### बरात में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे सभी

- मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुए हादसे के शिकार

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद/पाली

**अमृत विचार :** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर होना बताया गया है। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज कुमार जादौन आदि मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25) पुत्र रघुवीर, आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35) पुत्र रामलाल, पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) पुत्र अमरीश के अलावा अमन पुत्र रामशंकर, प्रवीण पुत्र रामशरण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत पुत्र रामप्रकाश और नरेंद्र पुत्र आशाराम वापस गांव जाने को तैयार हुए। बरात के साथ गई आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे तेज रफ्तार कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बेकाबू होकर खाईं में पलट गई। जिसमें ड्राइवर राजू उर्फ अरुण के साथ जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ व जौहरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदयवीर, अमन, प्रवीण, नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र घायल हो गए, सभी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, वहां से उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उदयवीर ने भी दम तोड़ दिया।



आकाश



उदयवीर



जितेंद्र



जौहरी



रामू राठौर



सिद्धार्थ

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के लिए शोक संवेदनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बारिश-भूस्खलन से पूर्वोत्तर में तबाही, 19 लोगों की मौत



असम के गुवाहाटी में एक स्कूल की चारदीवारी ढह जाने के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त कार।

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से जिला मुख्यालय दापोरिजो में अचानक आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है।

## जम्मू-कश्मीर सहित छह सीमावर्ती राज्यों में किया गया मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास ( मॉक ड्रिल ) किए गए।

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। सूत्रों के मुताबिक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में आयोजित इस मॉक ड्रिल में विभिन्न सरकारी और सिविज एजेंसियों ने भाग लिया। जम्मू में भी जिला प्रशासन ने आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत इस ड्रिल का आयोजन किया गया। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में राज्यभर के 22 जिलों में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हवाई हमलों के दौरान आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने आपरेशन शील्ड के तहत यह ड्रिल किशनगढ़ और आईटी पार्क में आयोजित की। ड्रिल में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों, होम गार्डस, स्थानीय अधिकारियों और एनसीसी एवं एनएसएस जैसे युवा संगठनों और कई गैर सरकारी संगठनो मे भी भाग लिया। उधर गुजरात के जूनागढ़ शहर और केशोद क्षेत्र में भी आपरेशन ब्लैकआउट के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाकिस्तान का दावा गलत

### सीडीएस ने विमानों के क्षति की बात स्वीकार की, कहा-विमान का गिरना अहम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे

सिंगापुर/नई दिल्ली, एजेंसी

- सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद



भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। सिंगापुर के दौरे पर गए सीडीएस ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।

### नुकसान का सच बताए सरकार : कांग्रेस

जनरल चौहान की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विशेष रूप से सीडीएस की स्वीकृति के मद्देनजर देश यह जानना चाहता है कि क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के . सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि क्या सीडीएस के खुलासे के बाद सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?

# शिक्षकों की 'घर में तैनाती' को कार्यमुक्त की तैयारी

- अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले की सूची में आए अध्यापक जमा कर रहे फाइलें
- जनपद में 109 अध्यापकों को मिला है लाभ, सदर बीआरसी में 20 ने जमा किए प्रपत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लंबे अरसे बाद परिषदीय स्कूलों के 109 शिक्षक-शिक्षिकाओं की अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले के तहत 'घर में तैनाती' होने जा रही है। इसकी सूची जारी हो चुकी है। अब सभी प्रपत्र लगाकर अध्यापक अपनी-अपनी फाइलें बीआरसी में जमा कर रहे हैं। 5 जून के आसपास सभी को कार्यमुक्त (रिलीव) कर दिया जाएगा।

जिले में सबसे अधिक 31 अध्यापकों को जनपद के बाहर पारस्परिक तबादले का लाभ ब्लॉक सदर क्षेत्र को मिला है। शनिवार को फाइलें जमा करने के लिए कई शिक्षक-शिक्षिकाएं बीआरसी कन्नौज पहुंचे। उनकी फाइलों को जांचा गया। जो कमियां मिलीं उनको दूर किया गया। बताया गया है कि 20 अध्यापक तीन-तीन फाइलें जमा कर चुके हैं। एक फाइल संबंधित विद्यालय में ही जमा हुई है। तीन फाइलों में से दो बीएसए कार्यालय तक जाएंगी। बताया गया है कि ओटीपी शेयर करने के साथ ही जोड़ा बन चुके हैं, उसी के बाद स्थानांतरण की सूची जारी हुई है।


बीआरसी सदर में शिक्षकों के पारस्परिक तबादले की फाइलें चेक करते मधुर मयंक व विजय कटियार। अमृत विचार

### हाथरस, हापुड़, फिरोजाबाद, सुल्तानपुर, कुशीनगर, कौशांबी से आएंगे शिक्षक

प्रयागराज के पीएस खुर्रमपुर शाहपुर में तैनात नीतू यादव की तैनाती भी कन्नौज में हो गई है। बांदा के महुआ इलाके के यूपीएस बराये मानपुर से अभिषेक शर्मा कन्नौज आ जाएंगे। अलीगढ़ के अकराबाद क्षेत्र के पीएस दीप्पूर विजय गढ़ से प्रिया देवी कंपोजिट विद्यालय अडंगापुर में तैनाती पाएंगी। इसके अलावा अलीगढ़, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कुशीनगर, कौशांबी, ललितपुर, मिर्जापुर, हाथरस, हापुड़, फिरोजाबाद से अध्यापक इत्रनगरी आएंगे।

### अब शिक्षकों को नौकरी में होगी आसानी

जनपद महोबा निवासी बिमल कुमार ब्लॉक सदर क्षेत्र के उहिदापुर स्कूल में करीब 4 साल से अधिक समय से तैनात हैं। उनका पारस्परिक स्थानांतरण गृह जनपद के पड़ोस में हमीरपुर में हो गया है। घर से विद्यालय की दूसरी 35 किमी है। उन्होंने बताया कि जो शिक्षिका उनके स्थान पर कन्नौज आ रहीं हैं वह ठठिया इलाके की रहने वाली हैं। दोनों लोगों को गृह जनपद या उसके करीब ही तैनाती मिल गई है। अब नौकरी में आसानी रहेगी। इसी तरह सीतापुर के सिंधौली के पीएस मनवा प्रथम से शुभ्रा ओमर का तबादला कन्नौज जनपद के लिए हो गया है।

## सार-संक्षेप


ऑक्सीजन प्लांट को लेकर जिलाधिकारी को जानकारी देते सीएमएस दिलीप सिंह, साथ में प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता। अमृत विचार

### डीएम ने ऑक्सीजन प्लांट का किया निरीक्षण

**तिर्वा।** मरीजों के लिए लगे आक्सीजन गैस प्लांट का डीएम ने मेडिकल कालेज पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही संस्थान में स्थापित एक एल.एम.ओ. प्लांट का भी निरीक्षण किया, जिसको शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिये। इसके संचालन पर मेडिकल कालेज में 20 कैलोरी अर्थात 20,000 एल.पी.एम. ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी, जो महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कालेज पहुंचकर यहां लगे दो ऑक्सीजन प्लांट को बारीकी से निरीक्षण करते हुए इनके चालू होने को लेकर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल से जानकारी ली। प्राचार्य ने दोनो के संचालित होने की जानकारी दी। यह भी बताया कि भर्ती मरीजों तक आक्सीजन पहुंचाने के लिए पाइप लाइन पड़ी है। इस मौके पर सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी।

### बढ़ते कोरोना पर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने परखी व्यवस्था

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बढ़ते कोरोना के मरीजों को लेकर शासन के आदेश क्रम में शनिवार को उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल का निरीक्षण कर ऑक्सीजन प्लांट को जांचा। सीएमएस डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कोरोना के बढ़ते मरीजों की तादाद को देख जिले का प्रशासन अलर्ट है। इसको लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा, भीड़भाड़ से बचें। हो सके तो अस्पताल या किसी सार्वजनिक जगह पर मास्क का इस्तेमाल करें। खांसी, जुकाम, बुखार या और कोई बीमारी होने पर नजरअंदाज न करें।


जिला अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु व अन्य।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**कन्नौज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। सीएमएस ने बैनर पर हस्ताक्षर कर लोगों को जागरुक किया और शपथ भी दिलाई। शनिवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शक्ति बसु ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इसके बाद अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी हस्ताक्षर किये। अधिकारियों व कर्मचारियों ने जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों, ओपीडी में मरीजों व तीमारदारों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के विषय में जानकारी दी व पंफ्लेट वितरण भी किया गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर भी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। विनोद दीक्षित चिकित्सालय परिसर में 15 लोगों को जुर्माना से दण्डित किया गया। इस अवसर पर डॉ. केपी त्रिपाठी नोडल अधिकारी एनटीसीपी, पियूषा दुबे सोशल वर्कर, महेन्द्र भान सिंह साइकोलाजिस्ट के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना करतीं ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल।

### गला घोंटू से बचाव के लिए पशुपालक लगवाएं टीका

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय पशु चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल ने हरी झंडी दिखाकर टीकाकरण टीम को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा गला घोंटू की संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए पालक अपने पशुओं को टीका अवश्य लगवाएं। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने कहा, गला घोंटू जीवाणु जनित संक्रामक रोग है। इसमें पशु का तापमान बहुत अधिक 106 से 107 डिग्री तक हो जाता है। वह मुंह से लार डालने लगता है और उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। आखिरकार दम घुटने से उसकी मृत्यु भी हो जाती है। टीकाकरण से इस संक्रामक बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, पशु चिकित्साधिकारी डॉ श्याम पाल (एमवीयू), पशुधन प्रसार अधिकारी नरेंद्र पाल एवं देवेंद्र सिंह, चौकीदार सुनील कुमार, वाहन चालक विपिन कुमार, पशु मित्र ओम कुमार, अभिषेक, आदित्य, पवन, नीरज, समीर, सत्येंद्र, गौरव व रामानंद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अभिषेक प्रताप सीओ कन्नौज, सुरेश को छिबरामऊ का चार्ज

**कन्नौज।** स्थानांतरण के बाद खाली हुए कन्नौज व छिबरामऊ सर्किल में पुलिस क्षेत्राधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। एसपी ने देर रात अभिषेक प्रताप अजेय को क्षेत्राधिकारी कन्नौज नगर व सुरेश कुमार को क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ का चार्ज दिया है। इसी सप्ताह सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार व छिबरामऊ के सीओ मनोज कुमार का स्थानांतरण कर दिया गया था। इन दोनों के रवाना हो जाने से छिबरामऊ व कन्नौज सर्किल खाली हो गये थे। शुक्रवार को देर रात एसपी विनोद कुमार ने दोनों पुलिस क्षेत्राधिकारियों से वार्ता करने के बाद तैनाती कर दी है।

### ग्राइंडर से हाथ कटने से मजदूर हुआ घायल

**छिबरामऊ।** प्रेमपुर में शटरिंग लगा रहा मजदूर अचानक ग्राइंडर पर आ गिरा, जिससे उसका हाथ कट गया। जनपद मैनपुरी नवीगंज के ग्राम नगला सुधामा निवासी 23 वर्षीय जैकी राज पुत्र रामप्रकाश ग्राम प्रेमपुर में शटरिंग लगा रहा था। तभी पैर फिसलने से ग्राइंडर पर आ गिरा। उसी दौरान किसी प्रकार ग्राइंडर चालू हो गया, जिससे मजदूर का हाथ कट गया। उसे सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

### दरोगा शिववरन सिंह हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई


माला पहने दरोगा शिव वरन सिंह।

**कन्नौज।** पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए दरोगा शिववरन सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने उपहार, स्मृति चिन्ह देकर आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी 30 वर्षीय ललित पुत्र अवधेश ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी हालत में सुधार हो गया।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताल में महिला की गई जान, सील किया

## तलघर में चल रहा था अस्पताल, घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई




निजी अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा लगी डॉक्टरों की सूची। अमृत विचार

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तलघर में चल रहे अस्पताल में बुखार पीड़ित महिला की मौत हो गई। परिजनों हंगामा किया तो पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। इसमें पाया गया कि 12 बेड का अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के बेसमेंट में चल रहा था। उसे सील कर दिया गया।

औरैया के फूफंद क्षेत्र के गांव खग्गीपुर्वा निवासी गीतादेवी पत्नी दिनेश दो दिन पहले थाना इंदरगढ़ के नौसारा गांव में एक रिश्तेदार के घर पर शादी में आई थी। शुक्रवार को बुखार आया। परिजनों ने उसे सीओ आफिस मार्ग पर बने 12 बेड के केबी अस्पताल में भर्ती करा दिया। उपचार के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेई, एसीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी, एआरओ डॉ. वाई के मंजुल, डॉ. राजन शर्मा ने मृतक के परिजनों से जानकारी लेते हुए अस्पताल के दस्तावेज चेक किए।

**चार लाख में निपट गया मामला:** तिर्वा। कार्रवाई के लिए पुलिस पहुंची तो मृतका के परिजनों व अस्पताल संचालक के बीच समझौता की बात शुरू हो गई। सुबह 9 बजे से चल रही बात शाम चार बजे चार लाख रुपये पर समाप्त हुई। इसके बाद परिजनों डॉक्टर पर लगे सभी आरोप वापस ले लिए। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 40 हजार प्रतिमाह किराये पर चल रहा था अस्पताल

**तिर्वा।** बेसमेंट में चल रहा अस्पताल 40 हजार रुपये प्रतिमाह पर चल रहा था। खास बात यह कि यहां के सूचना पट पर प्रत्येक विभाग के अलग-अलग चार से पांच डॉक्टरों के नाम लिखे हैं। इनमें कन्नौज समेत कानपुर तक के डॉक्टरों के नाम शामिल हैं।

### मरीजों को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

**तिर्वा।** अस्पताल में दो अन्य महिला मरीज भी भर्ती थीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई से पहले दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी गठित

**कन्नौज।** एबीवीपी कन्नौज नगर की कार्यकारिणी का पुनर्गठन हुआ। नगर अध्यक्ष डॉ. श्याम बाजपेई एवं मंत्री सक्षम गुप्ता को घोषित किया गया। उपाध्यक्ष विशाल सिंह, मनोज वर्मा, अनूप कुमार, पंकज राजपूत, सह मंत्री पीयूष तिवारी, गरिमा कुशवाहा, साहिल कुमार, नैतिक गुप्ता, अभिषेक सिंह, दिव्यांशु तिवारी को बनाया गया। एसएफडी संयोजक पुलकित, सहसंयोजक राजा दुबे, पवन सिद्धार्थ व अक्षत त्रिवेदी, एसएफएस संयोजक शशांक दुबे, सहसंयोजक जय, अमित कश्यप, खेलो भारत संयोजक शुभ मिश्र, सहसंयोजक केशव तिवारी, आकाश चौहान, सौरभ राठौर, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख अमृतांशु दीक्षित एवं सहसंयोजक प्रबल ठाकुर, कुशल सैनी, स्वाध्याय मंडल संयोजक अक्षत बाजपेई एवं सहसंयोजक पवन ओमर, सर्वज्ञ शुक्ल, सोशल मीडिया संयोजक कुशल गुप्ता, सह संयोजक सत्यम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अनुभव, अनमोल दुबे, कार्तिक, अभय, शुभम राजपूत, अनमोल सोनी, पारुल मिश्रा, रमन की कार्यकारिणी घोषित की गई है। चुनाव अधिकारी जिला प्रमुख डॉ. रवींद्र शुक्ल, मुख्य अतिथि प्रान्त सह संयोजक हिन्दू जागरण मंच धर्मेंद्र वर्मा रहे।

## ओवरटेक के दौरान बाइकें टकराने से दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। ग्राम रूपपुर असेह निवासी राम मनोहर अभिषेक कुमार के साथ बाइक से फर्रुखाबाद दवा लेने गए थे। वहां से लौटते समय नगर की काशीराम कॉलोनी के पास एनएच हाईवे पर पीछे से आ रहे बाइक सवार ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी बाइक का कट लगने से अभिषेक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह दोनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। राम मनोहर को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# ट्रक में घुसा ट्रक, साथी की मौत, चालक घायल

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ट्रक आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि साथी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची यूपीडा व पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र के चिढ़ावा निवासी ट्रक चालक शहजाद पुत्र पप्पू (26) बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के सीत नगला निवासी अरमान पुत्र नईमुद्दीन (18) के साथ आगरा से लखनऊ जा रहा था। थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 153 पर शुक्रवार रात एक बजे तेज रफ्तार ट्रक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गया। घटना में अरमान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे यूपीडा टीम के सुरक्षा अधिकारी संतोष सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को देकर दोनों को एम्बुलेंस से तिर्वा मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने अरमान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


एक्सप्रेस-वे पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

### एक्सप्रेसवे पर कार डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

**सौरिख।** अंबेडकर नगर से दिल्ली जाते समय आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुबह चालक को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। दिल्ली के थाना सुल्तानपुरी रोहड़ी सेक्टर 20 ब्लॉक 4105 निवासी राहुल पुत्र धर्मराज अपनी कार में पत्नी कुसुम और पिता धर्मराज के साथ अपने घर अकबरपुर जिला अंबेडकर नगर से वापस दिल्ली आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते जा रहे थे। सकरावा थाना क्षेत्र पर सुबह 5:28 पर कार चालक राहुल को झपकी लगने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार तीनों लोग घायल हो गए। सूचना पर सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ी से निकलकर हाईवे की एंबुलेंस से मिनी पीजीआई सैफई भेज दिया।

**त्रिशताब्दी समारोह** लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती पर निकाली गईं शोभायात्राएं

# अहिल्याबाई ने धर्म, जाति से ऊपर उठ कर न्याय सेवा और कल्याण किया

संवाददाता सौरिख/छिबरामऊ,कन्नौज

**अमृत विचार।** पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती छिबरामऊ और सौरिख में विशाल शोभायात्राएं निकाली गईं।

सौरिख में यात्रा का शुभारंभ खड़नी स्थित बरमदेव से और समापन सुल्तानपुर रोड स्थित मिठानी देवी इण्टर कालेज में हुआ। यात्रा में युवा डीजे की धुन जमकर झूमते नजर आए। समापन समारोह में होलकर सेना ने आए हुए गणमान्य लोगों को पगड़ी, माला, शाल व अहिल्या बाई की तस्वीर देकर सम्मानित किया। इंजीनियर अनिल पाल ने कहा कि लोकमाता ने धर्म, जाति से ऊपर उठ कर न्याय सेवा और कल्याण को सर्वोपरि रखा, भारतीय संस्कृति चेतना और धार्मिक धरोहर में अपना ऐतिहासिक योगदान दिया।

सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, हरगोविंद पाल, रामकुमार पाल, पियूष गडरिया, सुधीर पाल सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर होलकर सेना जिलाध्यक्ष मंजेश पाल, पप्पू पाल धीरज पाल रजनीकांत पाल, प्रधान राजपाल पाल, विनेश कुमार पाल, नीलेश पाल, राममहेश पाल, श्री निवास पाल, अनुराग पाल, अरुण पाल, महावीर सिंह, बाबा सुघर सिंह पाल, सियाराम पाल, डॉ बी एस पाल, रामरतन पाल, फाल सिंह पाल, सनी पाल, धीरज पाल, प्रधान प्रकाश पाल, श्रीमती रंजूपाल, गुड्डी पाल आदि मौजूद रहे।


सौरिख में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार


छिबरामऊ में निकली शोभायाभा में शामिल समाज के लोग।

इससे पहले बिधूना रोड पर मोटर एजेंसी के तस्लीम अहमद उर्फ शानू ने यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया और कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई। छिबरामऊ में पूर्वी बाईपास पर बड़ी संख्या में पाल व अन्य समाज के लोग एकत्र हुए। ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल ने अहिल्याबाई होलकर की जीवंत झांकी का पूजन करके शोभा यात्रा की शुरुआत की। पीले झंडा फहराते युवक नारे लगाते हुए चल पड़े। बड़ी संख्या में बाइकों व चार पहिया वाहनों का रेला भी शामिल था। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने संबोधित किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम पाल के संयोजन में निकाली गई शोभायात्रा ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, जिला उपाध्यक्ष अरवेश पाल, पूर्व जिपंस. जितेंद्र शाक्य (जीतू), भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, जिपंस. संदीप यादव, प्रधान बबलू बाथम, मुनीश मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, मनीष पाल व सुशील शाक्य मौजूद रहे।

### मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेज में भी मनी जयंती

**तिर्वा।** मेडिकल कालेज व इंजीनियरिंग कालेज समेत अन्य जगहो पर रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को जागरूक करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जानकारी दी गई और रानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरक प्रसंगों की चर्चा की गई।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज।**

पत्राक: एस0एस0ए0/के0जी0बी0पी0 / 1265–68 /2025–26, दिनांक: 30/05/2025

**विज्ञप्ति सूचना**

जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिये भोजन सामग्री, दैनिक सामग्री, स्टेशनरी की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल पर बिड GEM/2025/B/6271435 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म जेम पोर्टल पर दिनांक 10.06.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा अपलोड कर सकते हैं। जो दिनांक 10.06.2025 को समय 12:30 बजे कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज के सभागार में समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**रोहित कुमार** जिला समन्वयक (बा0शि0) समग्र शिक्षा कन्नौज।

**सदीप कुमार** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात होने की संभावना जताई गई है।

| | |
|---|---|
| 39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:01 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# रीडिंग कैंपेन से बच्चों में जागा आत्मविश्वास

- गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को मिला नया आयाम
- स्कूलों में समर कैंप बना रचनात्मकता का मंच

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** जिले में गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप लग रहे हैं। बीएसए संजीव कुमार के निर्देशन में शनिवार को रीडिंग कैंपेन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तिवरलालपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक वंदना चतुर्वेदी के नेतृत्व में शिक्षामित्र विनीता चतुर्वेदी ने रीडिंग कैम्पेन में बच्चों से विभिन्न प्रकार की किताबें पढ़वाकर मुख्य बातें कॉपी में नोट करवाईं। इस दौरान डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता व एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने बच्चों को विभिन्न पाठों को समझने और विश्लेषण करने की विधि समझाई और उन्हें विद्यालय की बाल पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया। डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने बताया कि समर कैंप जैसी पहल बच्चों को व्यवहारिक और रचनात्मक शिक्षा से जोड़ती है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने पुस्तकों और समाचार पत्रों के नियमित पाठन के लाभों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने इस दौरान योग, टाई एंड डाई, ब्लॉक पेंटिंग, एप्रिन बनाना जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लिया। इसके बाद जिला समन्वयक प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता द्वारा कंपोजिट विद्यालय हसुलिया व अकबरपुर में समर कैम्प का पर्यवेक्षण किया। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाये गए चार्ट व अन्य रचनात्मक गतिविधियां देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से मिलने वाले पोषक आहार की भी जानकारी ली।

कंपोजिट विद्यालय सड़रापुर में शिक्षामित्र गजेन्द्र सिंह और नीलेश कुमारी द्वारा थीम आधारित पठन कराया गया और 'लर्निंग बाई डूइंग' की अवधारणा के अंतर्गत बच्चों से मिट्टी के खिलौने व फूलों व गुलाल की रंगोली बनवाकर समर कैंप में रंग भर दिए गए।


रीडिंग कैंपेन में सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय हसुलिया में किताब पढ़ते बच्चे।

### टीमों ने विद्यालयों का भ्रमण कर देखे हालात

जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की टीमों ने विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया। बीईओ मुख्यालय दाताराम ने लखनापुर व दिबियापुर विद्यालयों का निरीक्षण किया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कंपोजिट विद्यालय उमरी में गतिविधियों का अवलोकन किया। कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर में बीईओ अजय विक्रम सिंह व प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक मुकेश कुमार ने भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त एआरपी अम्बरीश बाजपेयी और शशांक पांडेय ने भी विभिन्न विद्यालयों में पहुँचकर बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## एक नजर

### बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अयाना।** सदर कोतवाली के करमपुर निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 मई को भाई अशोक कुमार, भतीजे दर्पण के साथ मुढ़ी रसूलपुर से बाइक से आ रहे थे। महारतपुर में नहर के पास भाई बाइक किनारे खड़ी करके लघुशंका करने के लिए चला गया, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने भतीजे को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### स्थानांतरण पर थानाध्यक्ष को दी गई विदाई

**अयाना।** एसपी अभिजित आर. शंकर ने अयाना थानाध्यक्ष विनोद कुमार को सहायल थानाध्यक्ष के रूप में स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर सहायल थानाध्यक्ष अजय कुमार को अयाना थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। अजय कुमार ने थाने का चार्ज संभाल लिया। इसके साथ ही विनोद कुमार का विदाई समारोह आयोजित हुआ। पुलिस कर्मियों के साथ नागरिकों ने निरीक्षक विनोद कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए विदाई दी। नवांगतुक थानाध्यक्ष अजय कुमार का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### पं. कालीशंकर शुक्ल की स्मृति में 7 को जवाबी कीर्तन

**बिधूना।** सहार विकास खंड क्षेत्र के शिवगंज में स्व. पंडित कालीशंकर शुक्ल (वैद्य) की पुण्य स्मृति में रजत जयंती समारोह का आयोजन होगा। 7 जून को रात्रि 9 से जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधायक और पूर्व सांसद प्रदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जवाबी कीर्तन में उरई की राखी आजाद और कानपुर नगर के लालमन 'चंचल' अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रामबिहारी शुक्ला और पूर्व शासकीय अधिवक्ता श्याम बिहारी शुक्ला की ओर से किया जा रहा है।

### खेलते समय बालक पर बंदरों का हमला

**फफूंद।** ननिहाल में गर्मी की छुट्टी बिताने आए छात्र पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उपचार किया। औरैया के खानपुर निवासी मोहम्मद शाहनवाज (9) पुत्र शकील शुक्रवार को सैय्यदबाड़ा अपने मामा मुस्तकीम कुरैशी बाबा के घर आया था। शाम को वह बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था, तभी बंदरों के झुंड ने बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर घर के लोग दौड़े और उसे बचाया। परिजन सुबह औरैया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसका उपचार किया। नगर में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। नगर के लोगों जिलाधिकारी से बंदरों को पकड़वाकर जंगलों में छुड़वाने की मांग उठाई है।

# कूड़े पर नजर रखने को लगाएं सीसीटीवी कैमरे

## जनपद की रैंकिंग कम होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** डीएम डॉ.चंद्रमणि त्रिपाठी ने जूम मीटिंग के जरिए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी गले माह शिकायत संबंधी संदर्भों में आज ही से कार्य शुरू कर दें, ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने एक जून को डिफाल्ट होने वाले संदर्भों को आज ही प्रत्येक दशा में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि भूदान की भूमि का चिन्हांकन कर बीडीओ के सुपुर्द करें, ताकि पौधरोपण के लिए गड्ढा खुदाई हो सके। उन्होंने एसओसी चकबंदी को भी निर्देश दिए कि भूमि का चिन्हांकन कर पौधरोपण के लिए उपलब्ध कराएं। बीडीओ को निर्देश दिए कि पौधरोपण के लिए 4 जून तक गड्ढा खुदवाने के साथ खाद / जिप्सम डलवाकर तैयारी पूरी करें।

अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़ा किसी भी स्तर में इधर-उधर फैल न मिले। निर्धारित स्थान पर ही एकत्र किया जाए। औरैया ईओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कूड़ा तय स्थान पर नहीं पहुंचता है और इधर-उधर पड़ा रहता है, जिससे सफाई अभियान पर अंगुली उठाई जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डाला जाए। चिह्नित स्थान पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं, ताकि कार्य पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि कूड़े से प्राप्त होने वाली पॉलिथीन सहित अन्य निष्प्रोज्य सामग्री का भी विधिवत अभिलेख रखा जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से संचालित आरआरसी सेंटर पर कूड़े से प्राप्त सामग्री का अभिलेख अंकित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली आईडी तथा फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया।

### प्राइवेट प्रैक्टिस में डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

औरैया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में डीएम ने प्राइवेट प्रैक्टिस पर डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई ने निर्देश दिए। कहा कि नोडल अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा करें। खराब प्रगति पाए जाने पर कार्रवाई भी करें। उन्होंने प्रधान के सहयोग से टीकाकरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जननी सुरक्षा योजना में समय से भुगतान किया जाए। उन्होंने अजीतमल के डॉ. प्रेम यादव पर सिजेरियन ऑपरेशन में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। एमओआईसी से स्पष्टीकरण मांगने और अधिक समय से तैनात एमओआईसी का स्थानांतरण सीएचसी व पीएचसी में करने के निर्देश दिए हैं।

# तंबाकू के सेवन से बीपी व कोलेस्ट्राल का खतरा

- छात्र-छात्राओं ने तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से क्रॉनिक एकाडमी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने कहा कि तंबाकू का सेवन एक बुरी लत है। तंबाकू के सेवन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिससे युवा पीढ़ी और महिलाएं भी चपेट में आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश की 28 फीसदी से अधिक आबादी धूम्रपान के अलावा गुटखा, खैनी व पान मसाले की चपेट में है। तंबाकू की लगभग 70 प्रजातियां है, जिसमें निकोटीन के साथ लगभग 60 तरह के विषैले तत्व पाए जाते हैं। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को बढ़ावा देने में तंबाकू का प्रभाव सबसे आगे है। तंबाकू का सेवन करने से कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ने पर उच्च रक्तचाप की समस्या बढ़ जाती है, जिससे मुंह व फेफड़ों में कैंसर आदि की बीमारियां जन्म लेती हैं।

पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 80 लाख, जबकि भारत में लगभग 13 लाख लोग काल के गाल में समा जाते हैं। संयोजक कपिल गुप्ता ने तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों से अपने परिवार की सुख शांति व बच्चों की सलामती के लिए धूम्रपान से दूर रहने की अपील की। उन्होंने लोगों को स्वयं व्यसन न करने और तंबाकू व धूम्रपान करने वाले लोगों को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करने की शपथ दिलाई। गोष्ठी में छात्र-छात्राएं, समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), शिक्षक अनुराग गुप्ता, मनीष पुरवार, संजय अग्रवाल, हिमांशु दुबे, विशाल सिंह, श्रेया आदि लोग मौजूद रहे।


शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## हरीगंज का बनेगा फीडर, सर्वे शुरू

**अछल्दा।** बिजली संकट से जूझ रहे हरीगंज वासियों के लिए खुशखबरी है। अछल्दा फीडर से जुड़े लोगों को आपूर्ति के लिए अलग फीडर बनेगा। इसके लिए एसडीओ मनोज महाजन ने सर्वे शुरू कर दिया है।

बिजली आपूर्ति अछल्दा फीडर से हरीगंज बाजार की बिजली जुड़ी होने के कारण बढ़े फाल्ट, आये दिन बिजली की वजह से समस्या रहती है। करीब हरीगंज बाजार और ब्लाक चौराहे के लोग करीब एक वर्ष पूर्व अलग फीडर बनाने की जरूरत महसूस हुई थी। नया फीडर बनाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया गया। हरीगंज बाजार फीडर पर काम हो रहा है। जेई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि नए फीडर का सर्वे कराया गया है।

## आग से भूसा और सामान जला, मवेशी सलामत बचे

**संवाददाता, फफूंद**

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह लोहरई गांव में सामुदायिक केन्द्र के पास झोपड़ी में आग लगने से सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई।

पाता चौकी क्षेत्र के लोहरई निवासी शिवनाथ सिंह की गांव के बाहर समुदायिक केन्द्र के पास झोपड़ी है। झोपड़ी में उसके जानवर बंधते थे। वहां भूसा और जरूरत का सामान रखा रहता था। शनिवार सुबह लगभग 8 बजे झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। सुबह का समय होने के कारण हवा नहीं चल रही थी, इसलिए आग फैल नहीं सकी। आग की लपटें देख ग्रामीण दौड़ पड़े। हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भूसा व सामान जल गया। गनीमत रही कि शिवनाथ ने बकरियां और भैंस निकाल ली थीं।

**गुणगान** — अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी स्मृति के अवसर पर भाजपा की ओर से महिला सशक्तिकरण सम्मेलन

# अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं को दिलाया सम्मान

**संवाददाता, बिधूना**

**अमृत विचार।** कस्बे के एक मैरिज लॉन में शनिवार को पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी स्मृति अभियान को लेकर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वहीं, नगर पंचायत की महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। भाजपा के जिला मंत्री ऋषि पांडेय और नगर पंचायत की ओर से संयुक्त रूप से सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक ऋषि पांडेय ने मुख्य अतिथि को माला पहनाई और तलवार भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने सम्मेलन में आए सभी अतिथियों एवं पार्टी के पदाधिकारी को सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन संघर्षमय रहा। उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सनातन की मान्य व्यवस्था को जीवित रखने के साथ मंदिरों का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भगवान भोलेनाथ की आराधना करती थीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को लेकर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। आज महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। संयोजक ऋषि पांडेय ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर कर जिले की जनता का सम्मान बढाया है। नगर पंचायत की महिला सफाई कर्मियों एवं समाजसेवी महिलाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल, डा. घनश्याम सिंह सेंगर, जिला मंत्री लालसिंह सेंगर, सुरेश चंद्र मिश्रा, अमित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संदीप शाक्य, अन्नू ठाकुर, अन्नू त्रिवेदी, अरुण सक्सेना, सविता राजावत, प्रेमलता, अमर चंद राठौर, यशवीर, भानु ठाकुर, मुरारी बाबा, जीतू गुप्ता आदि मौजूद रहे।


अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शिव पुराण की शुरुआत

**अयाना।** कस्बे के बड़ी माता मंदिर में शनिवार शाम कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में परीक्षित निशा मिश्रा व राजमोहन मिश्रा सिर पर पोथी रखकर आगे चल रहीं थीं, जबकि महिलाएं सिर पर कलश लेकर पीछे चल रहीं थी। कलश यात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होती हुई बाजार स्थित पुराने कुआं पहुंची, जहां महिलाओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद यात्रा गांव के प्रमुख मंदिरों से होती हुई कथा पंडाल पहुंची। इस दौरान यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वस्थापक सत्यनारायण दुबे ने बताया कि आचार्य सुशील शुक्ला 10 जून तक दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक शिव पुराण का बखान करेंगे। 11 जून को भंडारा होगा। इस दौरान राजकमल मिश्रा, पुष्पराज मिश्रा, शीलनिधि सेंगर, मोनू सेंगर, विनोद भदौरिया, सुनील दीक्षित, टिंकू सेंगर, सुबेंद्र भदौरिया, किशन चौहान, विश्राम सिंह सेंगर, पुत्तन पांडे, रवि सिंगर, जयवीर सिंह, मोनू, छोटे लाल गुप्ता प्रधान आदि मौजूद रहे।


शनिवार को बिधूना में बाइक रैली निकालते लोग। अमृत विचार

### बिधूना कस्बे में युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**बिधूना।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर शनिवार को कस्बे में बाइक रैली निकाली गई। तहसील से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई बाइक रैली भगतसिंह चौराहे से बाईपास होते हुए नदी तिराहा होकर किशनी रोड पर पावर हाउस के पास समाप्त हुई। रैली में पाल समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के समापन पर पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आदर्शों का अनुशरण करने के साथ ही समाज को संगठित रहने पर भी बल दिया। कहा कि जो समाज संगठित नहीं होता, वह बिखर जाता है और शोषण होता है। रैली में पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल, आछेलाल पाल, प्रेमकांत पाल, हिमांशु बंधुवर, राघवेन्द्र पाल, सुरजन सिंह पाल, फूलचंद पाल, अमित कुमार पाल, राजेन्द्र पाल, रिंकू पाल, प्रमोद पाल सहित सैकड़ों युवा बाइकों पर सवार होकर शामिल हुए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

REQUIRED
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA (Sales & marketing)/ MSW. whatsapp CV 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers 8004682261/ 9792793660

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214507863 में मेरा नाम सहवाक दर्ज है, जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम प्रिंस चौधरी है। यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है। प्रिंस चौधरी उर्फ सहवाक पुत्र सुभाष चंद्र निवासी – पुरवारा परगना – सलोन, तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214946137 में मेरा नाम कौशलेंद्र शाक्य दर्ज है, जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कमला कांत लिखा है। यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है। कमलकांत उर्फ कौशलेंद्र शाक्य पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी – छतौना मरियानी परगना – सलोन, तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली

सूचना
सर्व साधारण सूचित किया जाता है की मेरे हाईस्कूल मे मेरे पिता का नाम के के सिंह (K K SINGH) जो की शार्ट नाम मे लिखा है जबकि मेरी इंटमीडिएट की सर्टिफिकेट में तथा अन्य सभी दस्तावेज मे मेरे पिता का नाम कृष्णा कुमार सिंह (KRISHNA KUMAR SINGH) दर्ज है। दोनों ही नाम एक है। कर्मवीर सिंह एफ–608 राजाजीपुरम लखनऊ MO-9369777742

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214506141 में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है, जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम झल्लर लिखा है। यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है। झल्लर उर्फ दिनेश कुमार पुत्र शीतल दीन निवासी – दिकपाल का पुरवा मजरे – उसरैना परगना – सलोन, तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली

सूचना
मैं शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव कटरा ठकुराना औरास का निवासी हूं। मेरा इंडियन बैंक शाखा इनायतपुर बर्रा में देवेन्द्र के नाम से खाता संचालित है। हमारा नाम देवेन्द्र कुमार अस्थाना बैंक में अंकित किया जाए। शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव, निवासी कटरा ठकुराना औरास उन्नाव।

सूचना
मेरा 10 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र जिसका नंबर– 09NA615208 मु.–10,000/–, 01LA725317 मु.–1000/–, 01LA725318 मु.–1000/–, 01LA725319 मु.–1000/–, और 01LA725320 मु.–1000/– पोस्ट आफिस अलीगंज सुलतानपुर में जमा है। जिसमें मेरा नाम GUSARAT FATMA (गुसरत फातमा) दर्ज है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अन्जुम बानों है जो आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त राष्ट्रीय बचत पत्र में मेरा सही नाम अन्जुम बानों दर्ज किया जाए। अन्जुम बानों पुत्री असगर अली, निवासी– ग्राम दाउदपुर चौकौंदी, बबुरी पोस्ट अलीगंज बाजार, थाना बन्धुआ कलां, तहसील सदर, जिला– सुलतानपुर

# योजनाओं की भूमि का करें निरीक्षण

## बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये दिशा- निर्देश

कार्यालय संवाददाता इटावा



अधिकारियों की बैठक लेते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार** । जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने अधिकारियों से कहा है कि वन विभाग तथा जल जीवन मिशन की योजनाओं के लिए चिह्नित की गई भूमि का निरीक्षण करें। उसकी खसरा खतौनी का भी निरीक्षण कर लिया जाए।

शुक्रवार की देर शाम विभागों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि पछायगांव में सब स्टेशन के नजदीक की जमीन का चिन्हांकन हो गया है उसकी खसरा खतौनी का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ताखा भरथना और लखना में भूमि का चिह्नाकंन करें और कंपनी को बुलाकर कार्य शुरू कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनाए जाएं जिससे युवाओं छात्रों का खेलने का मौका मिले। स्टेडियम के लिए

● कहा-खेल स्टेडियम के लिये तीन एकड़ से कम जमीन न हो

कम से कम 3 एकड़ जमीन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां आबादी अधिक है और गेस्ट हाउस नहीं है वहां पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही सामुदायिक बारात घर भी बनाए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम,अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार मौजूद रहे।

### डीएम व एसएसपी ने किया बाल सुधार ग्रह का निरीक्षण

**इटावा।** जिलाधिकारी और एसएसपी ने बाल सुधार ग्रह का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बाल सुधार गृह के निरीक्षण के दौरान भोजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, चिकित्सा कक्ष और आवासीय परिसर का बारीकी से जायजा लिया और बाल सुधार गृह में रह रहे बच्चों को सुरक्षित वातावरण के साथ-साथ सही मार्गदर्शन और बेहतर सुविधाएं तथा बच्चों की मानसिक और शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान देने एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## घर वाले सोते रहे चोरों ने पार किया लाखों का माल

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव जौनई में शुक्रवार की रात एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे की दीवार से चढ़कर छत के रास्ते मकान में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई जब घर के मालिक संजीव कुमार अपनी पत्नी अलिंता और सात वर्षीय पुत्र विनायक के साथ बरामदे में सोकर उठे और घर के अंदर गए। संजीव कुमार ने बताया कि चोर छत पर चढ़कर लोहे की सीढ़ी से नीचे उतरे और कमरे में रखे बक्से को उठा ले गए, जिसमें सोने चांदी के जेवरात और 30,000 की नकदी रखी थी। कुछ देर बाद छत पर जाकर देखा गया तो चोरी हुआ बक्सा पास ही स्थित प्रवीण के खेत में पड़ा मिला। बक्सा खाली था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# बकरीद पर नई परम्परा नहीं शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता इटावा


पीस कमेटी की बैठक में लोगों को समझाते पुलिस अधिकारी।

**अमृत विचार।** सनातन धर्म इंटर कालेज सभागार में ईद उल अजहा बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें पीस कमेटी के सदस्यों ने प्रशासन के समक्ष अपनी अपनी मांगें रखीं।

पीस कमेटी की बैठक में एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि कुर्बानी के मद्देनजर सफाई, पानी की तीन दिन के लिए ड्यूटी लगाई गई हैं, बिजली की कटौती भी नही होगी। सड़क पर नमाज पढ़ने की इजाजत नही मिलेगी। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं होगी। न ही प्रतिबंधित स्थानों पर कुर्बानी होगी। एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने कहा बकरीद पर जैसा होता रहा है वैसा ही होगा कोई नया काम नही होगा। ईदगाह में दो शिफ्टों में नमाज होगी। किसी भी दशा में सड़क पर नमाज नहीं होगी। कोई नई परम्परा कायम नहीं होगी। बैठक में फुरकान अहमद ने कहा कि ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिद में अलग अलग समय पर नमाज होगी नगर पालिका गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था करे। चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी होगी खून सड़क पर न बहे। कुर्बानी की गंदगी को सड़कों पर न डालें। फरहान शकील जानवरों की तादाद बढ़ रही है जो 11 पॉइंट बने हैं वह कम पड़ रही है इस वर्ष आजाद नगर टीला को बढ़ाकर 12 पॉइंट कर दिए जाएं। अब्दुल अंसारी कुर्बानी तीन दिन तक चलती है इसलिए तीन दिन तक पानी और सफाई की सुविधाएं दी जाएं। आलोक दीक्षित, क़ामिल कुरैशी, मुमताज चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये।

● बकरीद को लेकर हुआ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

बैठक में एसडीएम विक्रम राघव, सीओ सिटी राम गोपाल त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी, हाजी गुड्डू मंसूरी, शावेज़ नक़वी, सभासद लीलावती राजपूत, हाशिम कुरैशी, सभासद मो. इकबाल, सभासद सचिन शंखवार, हनी वारसी, गोरखनाथ वर्मा, रिंकू यादव, हाजी अजीम वारसी , हाजी अब्दुल हन्नान मंसूरी, हाजी मो. अरशद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। संचालन शहर कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने किया।

# नौ वर्ष में एक भी शव का नहीं हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सरसई नावर गांव स्थित अंत्येष्टि स्थल का हाल बेहद खराब है। बनने के बाद से ही लोगों ने अतिक्रमण कर लिया। जिससे बनने के बाद अभी किसी शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया।

पंचायत निधि से 13. 9 लाख की लागत से 2017 में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य कराया था। लेकिन इसके बाद इसको किसी भी अधिकारी ने देखना उचित नहीं समझा और ग्रामीणों ने उपयोग में ले लिया, जिसके कारण हालत जर्जर है। वर्ष 2014-15 में अंत्येष्टि स्थलों के विकास के लिए सरकार ने योजना को शुरू कर ग्राम पंचायत स्तर पर बनाने शुरू कर दिये थे। सरसई नावर के हजारी मंदिर सड़क पर गांव में बने अंतेष्टि स्थल को बनाकर पैसे का दुरुपयोग किया गया है। बनने के नौ वर्ष गुजरने के बाद भी एक भी शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया।

आसपास के लोगों ने कब्जा कर कंडे रखने शुरू कर दिया है, पंचायत विभाग ने इसकी देखरेख नहीं की। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अंतेष्टि स्थल को गांव के बाहर बनाना चाहिए था । टीन सेड टूट चुका है वहीं बाउंड्रीवाल में दरारें आ गई हैं। इस संबंध में तहसीलदार जावेद अंसारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह दिखवाकर अतिक्रमण को हटवाकर खाली करायेंगे।

## युवती को मारपीट कर घायल किया

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम दिलीपनगर में पशुबाड़े में रखी टीन सैट को जबरिया गिराकर युवती को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

थाना क्षेत्र के ग्राम दिलीपनगर निवासी बीना ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके जानवरों को बांधने के लिए पशु बाडे में टीन सेड लगा हुआ था । गांव के ही चार नामजद लोग पशु बाड़े में लाठी डंडे लेकर आये और टीन सेड को गिरा दिया। जब युवती ने टीन सेड गिराने का विरोध किया तो आरोपियो ने गाली गलौज करते हुए उसे लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित बीना के प्रार्थना पत्र पर राम आसरे उनकी पत्नी व उनके पुत्र निर्भय व छोटू के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अद्वितीय व्यक्तित्व की धनी थींअहिल्याबाई

कार्यालय संवाददाता इटावा


सदर विधायक सरिता भदौरिया को माला पहनाते संयोजक अंशुल दुबे।

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समृति अभियान के अंतर्गत एक सम्मेलन का आयोजन अंशुल दुबे के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक संघर्ष शील महिला थीं। वहअद्वितीय व्यक्तित्व की धनी महिला थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र को एक नई दिशा दिखाई। ऐसे महापुरुषों का किसी भी पार्टी ने सम्मान नही किया लेकिन भाजपा सरकार महा पुरुषों का सम्मान कर रही है।

विधायक सरिता भदौरिया का कार्यक्रम संयोजक अंशुल दुबे ने माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन को ज्योति वर्मा, विरला शाक्य , विवेक गुप्ता , अनुग्रह सेंगर, सभासद शरद बाजपेई , रजत चौधरी के अलावा अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। विधायक ने बाद में महिलाओं को सम्मानित किय। कार्यक्रम के समापन पर संयोजक अंशुल दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अभ्युदय कोचिंग में मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**इटावा।** अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग जीआईसी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ने अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नारी तू नारायणी विषय पर भाषण प्रतियोगिता में अभ्युदय कोचिंग की छात्राओं साक्षी, आरती, दीपक,सोनिया, प्रज्ञा, अवंतिका,साक्षी चेतन, वैष्णवी,शिवानी ने ने विचार व्यक्त किए।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत कर्री चौकी के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार नेत्रपाल 65 वर्ष पुत्र राम स्वरूप निवासी ग्राम हिरौली थाना किशनी जनपद मैनपुरी 28 मई को साइकिल से जा रहा था तभी थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत कर्री चौकी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया था, उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

### भारत सिंह देखेंगे ग्राम प्रधान का कामकाज

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया है कि विकासखंड बढ़पुरा की ग्राम पंचायत आलमपुर हौज के निर्वाचित ग्राम प्रधान सुधीर कुमार की दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उनके स्थान पर प्रधान पद के कर्तव्य और उनकी शक्तियों का निर्वाहन किए जाने के लिए भारत सिंह सदस्य ग्राम पंचायत का नाम निर्देशित किया गया है। अब भारत सिंह अगले आदेशों तक ग्राम पंचायत आलमपुर हौज के ग्राम प्रधान के कर्तव्यों और शक्तियों का निर्धारण करेंगे। रिक्त पद पर निर्वाचन के बाद यह आदेश निष्प्रभावी हो जाएगा।


कालोनी में जलभराव को दिखाते पीड़ित लोग।

### पानी के निकास की व्यवस्था न होने से मोहल्ले में जलभराव

**इटावा।** अड्डा ऊसरा रोड स्थित ऋषि पुरम कॉलोनी, टीचर्स कॉलोनी एवं बुद्ध बिहार कालोनी में जल भराव की समस्या एवं नाले के अधूरे पड़े कार्य को पूर्ण कराए जाने में मांग को लेकर मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। डीएम को दिए प्रार्थनापत्र में ऋषिपुरम कॉलोनी एवं टीचर्स कॉलोनी ऊसरा अड्डा रोड पर ऊसरा अड्डा, तुलसी अड्डा और नई बस्ती के लोगों ने बताया कि मोहल्ले में जलनिकास की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे मोहल्ले की गलियों में पानी भर रहा है। पूर्व में भी मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजे थे तब ऊसरा अड्डा से सेवा हॉस्पिटल अजीतनगर तक नाला निर्माण के लिए लगभग सवा करोड रुपया की धनराशि आवंटित हुई थी। तीन साल बाद भी अभी तक नाला निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया गया है। कॉलोनी के मकानों के आसपास 2 से 3 फीट पानी भरा हुआ है। जिससे मकानों को खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने जिलाधिकारी से स्वयं मौके का निरीक्षण करने की अपील की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में राम कृपाल शर्मा संघ कार्यकर्ता, रामा देवी शर्मा, कुंवर सिंह, तारा चन्द्र, ओम प्रकाश, शिवा कुशवाहा, प्रेम सिंह, जगदीश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, जहीर अहमद, सुरेश चंद्र, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, अनार सिंह कठेरिया, कल्याण सिंह, रवि शाक्य, वरुण कुशवाहा, नागेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, मुलु आदि रहे।

## कंस का वध होते ही लगे जयकारे

**सैफई।** मथुरा नगरी का दृश्य, कुश्ती के अखाड़े में गर्जन करता अत्याचारी कंस और सामने बाल रूप में साक्षात भगवान श्रीकृष्ण। जैसे ही कंस के द्वारा कैद माता देवकी और पिता वसुदेव को कैद से छुड़ाकर आए ।

श्रीकृष्ण पर कंस ने प्रहार करना चाहा, उसी क्षण प्रभु ने उसे धराशायी कर धर्म की स्थापना की। यह प्रसंग जैसे ही शुक्रवार को नगला सेऊ हैवरा में स्थित श्री हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सरस वाचक सुग्रीव दास जी महाराज के मुख से निकला वैसे ही कथा स्थल जयकारों और तालियों की गूंज से गूंज उठा। छठे दिन की कथा में सुग्रीव दास जी महाराज ने बताया कि अत्याचार, अधर्म और पाप जब अपने चरम पर होता है, तब ईश्वर स्वयं अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि कंस केवल एक पात्र नहीं था, बल्कि वह हर युग में मौजूद उस अन्याय का प्रतीक है, जो कमजोरों को कुचलने का प्रयास करता है। श्रीकृष्ण ने केवल कंस का ही नहीं, अन्याय और अहंकार का भी अंत किया।

# बिजली को पूंजीपतियों को सौंपना जनता के साथ धोखा

कार्यालय संवाददाता इटावा

● 11 जून को मुख्यालय पर किया जायेगा प्रदर्शन
● इससे विभाग की नौकरियों में आरक्षण समाप्त हो जायेगा

**अमृत विचार।** बिजली को पूंजीपतियों के हाथों में सौंपना जनता के साथ धोखा है. इससे बिजली मंहगी हो जायेगी पेट्रो पदार्थों की तरह बिजली के मूल्यों में मनमानी वृद्धि होगी। किसानों मजदूरों-गरीबों, कुटीर उद्योगों, दुकानदारों मध्यमवर्ग आदि की आर्थिक मुसीबतें और बढ़ेंगी। ग्रमीण अन्धकार में डूबेगा ,खेतों की हरियाली और फसलों पर खतरे का अंदेशा है। बिजली विभाग की नौकरियों में आरक्षण खत्म हो जायेगा। इसलिए इसका प्रतिरोध जरूरी है। 11 जून को प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जायेगा।

आशा रसोईया यूनियन के नेता अमर सिंह शाक्य ने यासीनगर की सभा में कहा कि मनरेगा मजदूरों के साथ सरकार धोखा कर रही हैं । कई-कई महीने भुगतान नहीं दिया जाता है हमारी मांग है कि मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम और 600 रुपये प्रति दिन मजदूरी की जाय। उन्होंने कहा कि, बिजली एक्ट, बिजली थाने, स्मार्ट मीटर, प्रस्तावित मूल्य वृद्धि-सरकारी धन से बिजली का सुद्रणीकरण आदि जैसे कदम पूँजीपतियों के मुनाफे को बढ़ाने के लिए एक साजिश के तहत उठाये गये कदम हैं। उन्होंने बिजली कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया। आशाओ को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 36 हजार माह वेतन, दुर्घटना बीमा, फंड, बोनस, छुट्टिया और रसोइयो को नवीनीकरण के नाम पर निकाले जाने पर रोक लगाने के साथ- साथ अन्य सुविधाएं देने की मांग की। अन्त में उन्होंने जिले की समस्त आशाओं, रसोइयों तथा मनरेगा मजदूरों से 11 जून को कचहरी पर होने वाले प्रदर्शन में पूरी ताकत के साथ भाग लेने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता रामकिशोर और संचालन धर्मवीर ने किया।

## रविवार को तीन केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**इटावा।** बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई।

इन सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत परीक्षा कराए जाने की व्यवस्था है। परीक्षा में तीनों केंद्रो पर कुल मिलाकर1336 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए शहर में स्थित के के डिग्री कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया। इन केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी ।पहली पाली सुबह 9:00 बजे से और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगी। प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन कैलकुलेटर और इलेक्ट्रॉनिक सामान नहीं ले जाने दिया जाएगा ब्लूटूथ डिवाइस ले जाना भी पूरी तरह से प्रतिबंधित है परीक्षा के दौरान केवल बॉल पेन का उपयोग किया जाएगा। बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा।

# जालौन व कानपुर देहात की टीमों ने जीती चल वैजयंती


खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित करते एसएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय 28वीं अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन की तीन दिवसीय बैडमिंटन, टेबल टेनिस प्रतियोगिता का एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव इटावा ने मुख्य अतिथि के रुप मे पुलिस लाइन स्टेडियम प्रतियोगिता का समापन किया। उन्होने विजेता टीम को शील्डकर सम्मानित किया

अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन 28 वीं पुरूष एवं महिला पुलिस बैडमिंटन/टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें जनपद जालौन की पुरुष टीम ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में बाजी मारकर चल वैजयन्ती प्राप्त की तथा जनपद कानपुर देहात की महिला टीम ने प्रतियोगिता में बाजी मारकर चल वैजयंती प्राप्त की तथा जनपद इटावा महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस 28वीं अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन पुरुष एवं महिला पुलिस बैडमिंटन/टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कानपुर जोन के 9 जनपदों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन में इटावा टेबिल टेनिस टीम विजयी रही। इस दौरान एएसपी नगर अभयनाथ त्रिपाठी, एएसपी अपराध इटावा सुबोध गौतम व पुलिस के अन्य अधिकारी रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भरथना-इटावा**

पत्रांकः मेमो / न0पा0परि0भ0 / 2025-26/25 दिनांकः 31/05/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, भरथना (इटावा) के कार्यालय द्वारा दिनांक 30.05.2025 को विज्ञापन शुल्क / पड़ाव / टेम्पो शुल्क आदि की वसूली हेतु एवं अन्य की सार्वजनिक बोली लगाने हेतु सूचना दि0- 23/05/2025 प्रकाशित की गई थी। उक्त बोली अपरिहार्य कारणोंवश दिनांक 30.05.2025 को नहीं लगाई जा सकी। उक्त बोली दिनांक 02.06.2025 को प्रातः 11 बजे नगर पालिका परिषद, भरथना के कार्यालय में लगाई जायेगी। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
सभी उपरोक्तानुसार सूचित हों।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
भरथना-इटावा

आयोजन | भाजपा किसान मोर्चा ने तिरंगा यात्रा निकालकर दिखाया जोश

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा लोगों का हुजूम

संवाददाता बकेवर इटावा


तिरंगा यात्रा में शामिल जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा किसान मोर्चा की ओर से लखना कस्बे में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दर्जनों की संख्या में किसान ट्रैक्टर और बाइक के साथ हाथ में तिरंगा और फावड़ा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महासचिव रजत तिवारी के नेतृत्व में यह तिरंगा यात्रा लखना वन रेंज कोठी से प्रारंभ हुई। जिसे भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल लोगों ने रास्ते भर भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाया। यह तिरंगा यात्रा नहर बाजार, महेश्वरी मोहल्ला, सर्राफा बाजार, कालिका देवी मोहल्ला होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर स्थित गेस्ट हाउस पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक के के राज ,जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह, ममता कुशवाहा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, गोविन्द दुबे,इरशाद अली टिंकू, बासु चौधरी, रजत चौधरी लखना मण्डल अध्यक्ष अश्विनी त्रिपाठी,भर्थना मण्डल अध्यक्ष विमल गुप्ता जी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष बन्टू चौहान, डॉ. गोविन्द मोहन तिवारी, ब्रजेन्द्र चौहान, जगवेन्द्र चौहान, भगवती प्रसाद चौरसिया भूरे राजावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** महिला कल्याण निगम की सभापति कमलावती सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने सनातन की परंपराओं को आगे बढ़ाने और सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार अहिल्याबाई होल्कर के पद चिन्हो पर चलकर महिला सशक्तीकरण के लिए कार्यरत हैं।

भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र संगठन हैं जहां कार्यकर्ताओं को देवतुल्य माना जाता हैं। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा की अहिल्यबाई होल्कर किसी एक समाज की न होकर सभी देशवासियो के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहिल्याबाई होल्कर के सपनों को साकार किया है। संचालन अभियान जिला संयोजक व जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

इस मौके पर प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा विनीता गुप्ता, शिवकिशोर धनगर, हरनाथ कुशवाहा, ममता कुशवाहा, रजत चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, अंशुल दुबे रहे।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड ऑडियो टूर की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी सरकार एक और परियोजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत पर्यटन विभाग 100 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर पोर्टल और सामग्री विकसित कर रहा है। पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर, जो पर्यटकों को पांच से सात मिनट की ऑडियो कहानियों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख स्थानों की जानकारी देगा। ये ऑडियो टूर 10 क्षेत्रीय भाषाओं (हिंदी, बंगला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, कन्नड़, ओडिया और मलयालम) तथा पांच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, जापानी और मंदारिन) में उपलब्ध होंगे। ये ऑडियो कहानियां ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्यों को जीवंत करेंगी, जिसमें बैकग्राउंड म्यूजिक और परिवेश ध्वनियां शामिल होंगी। इस परियोजना में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम और आनंद भवन, अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि और कनक भवन, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती, आगरा के ताजमहल, मथुरा-वृंदावन के श्री कृष्ण जन्मभूमि और बांके बिहारी मंदिर और लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा जैसे प्रतिष्ठित स्थान शामिल हैं।

### इको पर्यटन की थीम पर 22 जिलों में लगेंगे साइनेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गंतव्य स्थल बनाने जा रहा है। इसके लिए लगभग 9.72 करोड़ रुपये से 22 जिलों में साइनेज लगाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गंतव्य स्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वाइल्डलाइफ सेंचुरी और कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी आदि प्रमुख स्थलों पर आने के लिए लखनऊ और दिल्ली सेंटर प्वाइंट है। यहां से गंतव्य स्थलों को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर साइनेज लगाए जाएंगे। साइनेज में नजदीकी गंतव्य स्थल की दूरी के साथ-साथ वहां के प्रमुख आकर्षणों को भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह दो अलग-अलग परियोजनाओं में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्ध नगर आदि जिलों में साइनेजेज लगाए जाएंगे।

# आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून

## 60 साल में सेवानिवृत्ति तय होते ही संबंधित कार्मिक समान पद-समान वेतन के होंगे हकदार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- न्याय विभाग देख रहा कानूनी पक्ष, फिर तय होंगे नियम और अंतर्नियम

**अमृत विचार :** आउटसोर्स सेवा निगम के तय किए गए मसौदे में अब श्रम कानून आड़े आ रहा है। न्याय विभाग को आपत्ति है कि जब चयन बोर्डों के मुखिया डीएम से लेकर प्रमुख सचिव होंगे और सभी को नए मानदेय पर 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर जारी होगा तो समान पद-समान वेतन की मांग श्रम अदालतों से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक उठेगी। ऐसे में अब न्याय विभाग कानूनी अड़चनों का समाधान करते कानूनविदों से नए नियम और अंतर्नियम तय कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले फरवरी माह के विधानसभा सत्र में आउटसोर्स कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इसके लिए आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान करते हुए न्यूनतम वेतन, सेवा-सुरक्षा और हर माह की पांच तारीख तक कार्मिक के बैंक खाते में वेतन देने का संकल्प लिया था। किसी आउटसोर्स को नौकरी से न निकालने और 60 साल की उम्र में सरकारी कर्मचारी की भांति सेवानिवृत्ति देने जैसे एलान से लाखों कर्मचारी तीन माह से निगम के गठन का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव के साथ बैठक की थी। इसके बाद दो कैबिनेट बैठक हो चुकी है, मगर आउटसोर्स सेवा निगम का प्रस्ताव अभी तक कानूनी जामा पहनाने के लिए सामने नहीं आ पाया है।

सूत्र बताते हैं कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन समेत निदेशक मंडल तय करने के साथ उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए नियमानुसार चार श्रेणी के कुल 93 विभागों में नियुक्तियों के लिए तैयार मसौदा में श्रम कानून आड़े आ रहा है।

### कार्यरत 11 लाख संविदा कार्मिकों को एलआईपी देने पर पेंच

सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। अब निगम सभी को नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) और निगम की ओर से आईडी कार्ड चयन समिति के अध्यक्ष को भेजने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक को देने में न्याय विभाग कानून विदों से राय के बाद सहमत नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार तो होगा ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### ऐसे सामने आ सकता नया प्रस्ताव

शासन के शीर्ष अधिकारी बताते है कि तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी और आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। निगम का गठन करते हुए स्पष्ट प्रावधान हो कि नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### समान वेतन ही नहीं, स्थायी की भी होगी मांग : कानूनविद

हाईकोर्ट में श्रम मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि आउटसोर्स सेवा निगम सरकार के द्वारा बनाया गया और शासन के शीर्ष अधिकारियों की ओर संचालित होगा। नियुक्तियां भी वही प्राधिकारी करेंगे, जो सरकारी नियुक्तियां करते हैं, ऐसे में पदों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उन्हीं पदों पर पहले सरकारी कार्मिक भी है। ऐसे में एक ही पद पर दो तरह का वेतन-भत्ता और सुविधाएं क्यों? जब सरकार के पास 60 साल के सेवानिवृत्ति तक पद रिक्त है तो संबंधित व्यक्ति अंशकालिक और संविदा जैसे वेतन का हकदार क्यों होगा। अभी तक सरकार की ओर से तर्क दिए जाते थे कि तय समयावधि के लिए ही जगह खाली था, इसलिए रखा गया।

## सरकारी अस्पतालों में योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योगी सरकार प्रदेश के समस्त छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित कराएगी। स्थानीय गणमान्य व्यक्ति को योग एंबेस्डर बनाया जाएगा, ताकि सभी आयु वर्ष के ज्यादा से ज्यादा लोग योगाभ्यास कर स्वस्थ्य रहें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग के मुखिया ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष की थीम है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित योग सत्र संचालित किए जाने की व्यवस्था है।

# खोजा फैटी लिवर का इलाज

## एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने लंबे शोध के बाद पाई सफलता

संवाददाता, लखनऊ (पीजीआई)

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद नॉन एल्कोहलिक लोगों के फैटी लिवर का इलाज खोजा है। शोध के मुताबिक, शरीर में पाए जाने वाले प्राकृतिक डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लोगों के फैटी लिवर के जोखिम को कम करेगा। यह शोध पीजीआई के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित ए. सिन्हा, डॉ. सना रजा और प्रतिमा गुप्ता ने किया है। इस शोध को मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका ने हाल ही में प्रकाशित किया है।

डॉ.रोहित ने बताया कि आधुनिक दौर में शराब न पीने वाले लोगों में मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली सबसे बड़ा फैटी लीवर का कारण बनता जा रहा है। युवा और बड़ों में यह ज्यादा हो रही है। पीजीआई द्वारा किए गये शोध में यह देखा गया कि इस हार्मोन का स्तर बढ़ाने से लोगों में फैटी लिवर का जोखिम कम किया जा सकता है। हाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लिवर की कोशिकाओं से हानिकारक वसा को हटाने, सूजन कम करने के साथ ही दूसरे नुकसान को रोकता है। यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं में सेक्स हार्मोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा यह शराब न पीने वाले लोगों में फैटी लिवर से बचाने में मददगार साबित होगा। डॉ. रोहित ने बताया कि इस हार्मोन की मात्रा को शरीर में संतुलित कर लोगों में फैटी लिवर को काबू में किया जा सकता है।



टीम के सदस्यों के साथ डॉ. रोहित।

- मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली है फैटी लिवर का बड़ा कारण
- डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हर्मोन का स्तर बढ़ाने से कम होगा जोखिम

## 514 करोड़ से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

यूपीडा की ओर से तैयार कार्ययोजना के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

# ऊर्जा निगमों में नहीं हो सकेगा आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न

## मिलेगा समय पर निर्धारित वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों में अब आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। कर्मियों को समय पर निर्धारित वेतन मिल सकेगा। अब आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय पोर्टल पर आउटसोर्स कर्मियों का विवरण 'अपलोड' करना अनिवार्य कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

पारदर्शिता की दृष्टि से पोर्टल पर इन कर्मियों का आवश्यक विवरण ईपीएफ, ईएसआई, मोबाइल नंबर, फोटो, तकनीकी-शैक्षिक योग्यता आदि पोर्टल पर 'अपलोड' करना आवश्यक है। इस पोर्टल के माध्यम से ही आउटसोर्स कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति आदि भी सत्यापित होगी और वेतन भी इसी आधार पर बनेगा। निर्देश के तहत जिस आउटसोर्स कंपनी का पूरा डाटा इस पोर्टल पर नहीं पड़ेगा, उसे उसके लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउटसोर्स पोर्टल पर सभी संविदा कर्मियों का डाटा 'अपलोड' कराएं।



शक्ति भवन में बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

- आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा अनिवार्य

# नए डीजीपी बीहड़ में तोड़ चुके हैं अपहर्ताओं की कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई अधिकारी थे डीजीपी बनने की दौड़ में, राजीव कृष्ण ने सबको पीछे छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के नये कार्यवाहक डीजीपी बनाये गए राजीव कृष्ण वर्ष 2004 में आगरा में एसएसपी के तौर पर अपनी कार्यशैली के कारण काफी चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने उस समय पर आगरा में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। साथ ही, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की थी। नये भूमिका में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने दौड़ में शामिल कई अफसरों को पीछे छोड़ दिया।

20 जून 1969 को जन्मे राजीव कृष्ण मूल रूप गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। स्नातक के बाद उन्होंने 1991 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईपीएस अफसर के रूप में चयनित हुए। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं। डीजीपी की दौड़ में राजीव कृष्ण के अलावा 1990 बैच के आईपीएस बीके मौर्य समेत कई अधिकारी दौड़ में थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली।

राजीव कृष्ण मथुरा, इटावा, आगरा, नोएडा और लखनऊ में एसपी/एसएसपी जैसे चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह यूपी एटीएस (एंटी टेरर स्क्वाड) के संस्थापक प्रमुख थे। इसके अलावा, उन्होंने बीएसएफ में आईजी ऑपरेशंस के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

## बिना बाईपास सर्जरी खोली जा सकेंगी दिल की बंद नसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. सुदर्शन के विजय ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से बंद पड़ी दिल की नसों को खोलने के लिए बाईपास सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेट्रोग्रेड विधि से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर आसानी से नसों को खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिल की 100 फीसदी बंद नसों को बिना ऑपरेशन खोलना आसान हो गया है। इन नसों में आगे के रास्ते से तार ले जाना संभव नहीं होता है। इन नसों को विपरीत दिशा से दूसरे साइड की दिल की नस पतले चैनल के माध्यम से ब्लड सप्लाई करने लगती है। इन चैनलों के द्वारा तार को बंद नस में ले जाकर उसको पीछे से खोला जाता है। एक सामान्य एंजियोप्लास्टी में जहां 15 मिनट से आधे घंटे का समय लगता है। वहीं रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी में दो से चार घंटे का समय लगता है। इस विधि से 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।

# कार्मिकों के स्थानांतरण किए जाएंगे ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन विभागों में नई प्रक्रिया
- तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए मेरिट बेस्ड होंगे
- पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 जून

**अमृत विचार :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन किये जायेंगे। स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लंबी अवधि से कार्यरत कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाएगा।

निदेशक, आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा संवर्ग के लेखाकार-सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक संवर्ग के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण होने हैं। इसके लिए निदेशालय की वेबसाइट http://upiaad.up.gov.in पर जानकारी उपलब्ध है। मानव संपदा पोर्टल से स्थानांतरण किये जाने के लिए कार्मिकों से पोर्टल पर ऑनलाइन विकल्प प्राप्त किये जाने की तिथि 31 मई से 5 जून तक निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर 10 विकल्प कार्मिकों द्वारा स्वयं भरने होंगे। जिसके बाद उन्हें उनके विकल्प के अनुसार इच्छित जिले में स्थानांतरण किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मानव संपदा पोर्टल पर भरे गए विकल्प को पोर्टल पर खोले गए जिला कार्यालय से मैच कराकर पोर्टल द्वारा स्वयं स्थानांतरित कर दिया जायेगा। विकल्प मैच न होने पर पोर्टल किसी भी जिला में स्थानांतरण कर देगा।

# भाजपा चंदाखोरी मिटाए फिर करे महंगाई घटाने की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा महंगाई की चैंपियन है। भाजपा सरकार पहले 'मुनाफाखोरी' घटाए और 'भाजपाई चंदाखोरी' मिटाए फिर महंगाई घटाने की बात करे। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल पर आयात शुल्क को घटाने का फायदा जनता को भी मिलना चाहिए। लागत घट रही है तो खुदरा मूल्य भी घटना चाहिए।



सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसा तो नहीं कि ये दिखावटी आयात शुल्क कटौती बस कुछ खास आयातकों और उत्पादकों के फायदे के लिए ही है। भाजपा सरकार को खाद्य सामग्री की लागत-लाभ के अनुपात को जनता के पक्ष में तय कर देना चाहिए। साथ ही तय होना चाहिए कि एक निश्चित प्रतिशत से अधिक कोई भी मुनाफा नहीं कमाएगा, लेकिन इसके पहले भाजपा सरकार को भी कसम खानी होगी कि 'भाजपाई चंदा वसूली' नहीं करेगी। हर टैक्स और चंदा आखिरकार जनता से ही वसूला जाता है।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20.59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेषा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।



मेष: आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।



वृष: आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।



मिथुन: आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।



कर्क: आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।



सिंह: आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।



कन्या: आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।



तुला: आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।



वृश्चिक: आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।



धनु: आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।



मकर: आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।



कुंभ: आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।



मीन: आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

# इतिहास से बड़ा होता है लोक

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। ये मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाले चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री।" परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गई थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई है।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं कीं। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोलीं। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चौंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गर्वनेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर

भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

> भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

> अत: यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों (होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार-प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# शादी में तमंचे से फायरिंग के साथ डिस्को

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


शादी समारोह में तमंचा लेकर डांस करता युवक। अमृत विचार

- महिला डांसर के साथ डीजे पर नाचते युवक ने की फायरिंग
- वीडियो हुआ वायरल, युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** कस्बे में एक शादी समारोह के दौरान महिला डांसर के साथ तमंचे से फायरिंग करते हुए डिस्को करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक डीजे की धुन पर महिला डांसर के साथ नाचते हुए तमंचे से फायरिंग करता दिख रहा है। पुलिस अब तमंचा से फायरिंग करने वाले युवक की तलाश में जुट गई है।

कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में एक सप्ताह पहले एक शादी समारोह के दौरान महिला डांसर के साथ तमंचा से फायरिंग करते हुए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 16 सेकंड के इस वीडियो में दिख रहा है कि शादी समारोह में महिला डांसर डीजे पर डांस कर रही है। दो युवक स्टेज पर आए। एक युवक के हाथ में तमंचा था। युवक ने डांसर के साथ नाचते हुए हवा में फायर किए। इसके बाद वह तमंचा लहराता हुआ स्टेज से उतर गया।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस फायरिंग करने वाले युवक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है। लगातार इस तरह के वीडियो वायरल होने से कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है। सार्वजनिक स्थान पर हथियार का प्रदर्शन और फायरिंग दंडनीय अपराध है।

कोतवाल रामआसरे सरोज का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। यह वीडियो कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले का बताया जा रहा है। यह करीब आठ दिन पुराना है। तमंचा लेकर डांस करने वाला युवक महोबा जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नागौर गांव निवासी विपिन राजपूत बताया जा रहा है।

## तीन जगह बिजली चोरी पकडी, 20 कनेक्शन काटे गए

**मौदहा।** शनिवार तड़के बिजली चोरी और बकायेदारों के खिलाफ चलाए गए अभियान में तीन बिजली चोर हत्थे चढ़ गए। जबकि बीस से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। उपखंड अधिकारी और जेई विजलेंस की अगुवाई में कस्बे के हैदरिया, भुईयां रानी, छोटे कसौड़ा आदि मोहल्लों में की गई छापेमारी में बीस बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। जबकि तीन बिजली चोर छापेमारी में पकड़े गए। जिनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि बिजली चोरों और बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इसी के चलते छापेमारी की जा रही है।

# व्यापारियों के साथ लूट फर्जी निकली

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- शराब पीकर आपस में ही दोनों के बीच हुई थी मारपीट

**अमृत विचार।** गुरुवार की रात मौदहा जाते समय व्यापारियों के साथ मारपीट, अपहरण और लूट का मामला पुलिस की छानबीन में झूठ निकला है। दोनों ने आपस में मारपीट की बात कबूली है। दोनों पर पुलिस को गुमराह करने की कार्रवाई की जाएगी।

पंधरी गांव निवासी श्यामू सिंह का सुमेरपुर कस्बे के चांद थोक निवासी अभिषेक द्विवेदी के साथ बैटरी का कारोबार है। श्यामू सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 11 बजे वह अभिषेक द्विवेदी के साथ मौदहा में अपनी बहन के यहां कार से जा रहे थे। कानपुर सागर हाईवे से उतरकर वह गांधी मार्ग से मौदहा जा रहे थे। मार्ग पर प्रवेश करने बाद वह कार खड़ी करके लघुशंका करने लगे। तभी पीछे से कार सवार पांच लोग आ धमके और उन्हें दबोच लिया। बदमाशों ने आंखों में पट्टी बांधकर दोनों को अपनी कार में डाल लिया। वह लोग उनको हाईवे से लेकर पिपरौंदा होकर पाटनपुर की ओर ले गए। सड़क किनारे मुन्नी द्विवेदी के नलकूप के पास कार खड़ी करके दोनों को मारा पीटा। श्याम ने बताया कि बदमाश 56 हजार रुपये, एक सोने की चेन और अभिषेक द्विवेदी से एक सोने की चेन वजन 25 ग्राम, चार सोने की अंगूठी वजन 10 ग्राम तथा 12 हजार रुपये लूट लिए हैं। श्यामू सिंह को काफी चोट लगी हैं। इस दौरान दोनों को जबरिया शराब भी पिलाई और नशे की हालत दोनों को नलकूप में कार सहित छोड़कर चले गए। सुबह होश आने पर दोनों थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष अनूप सिंह को बताया। प्रारंभिक छानबीन में ही मामला संदिग्ध निकला। सीओ सदर राजेश कमल, एसओजी टीम के साथ थाने पहुंचे और व्यापारियों से पूछताछ की। इसके बाद दोनों को साथ लेकर घटनास्थल पहुंचे। वहीं एसपी दीक्षा शर्मा ने बताया कि जांच में लूट की घटना फर्जी निकली है। दोनों व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने अत्यधिक शराब पी ली थी। उनके साथ कोई लूट की घटना नहीं हुई है। दोनों जिस समय लूट की बात कह रहे हैं, उस समय उनके मोबाइल फोन की लोकेशन वारदात वाले स्थान पर न होकर सुमेरपुर निकली है। दोनों पर पुलिस को गुमराह करने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सुमेरपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

**सुमेरपुर।** कस्बे के ठडेश्वरी आश्रम में रविवार को सुबह 9 बजे से नेत्र शिविर लगेगा। सतगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुण्ड चित्रकूट के डॉ.सुशील वर्मा एवं आयुष मिश्रा ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को आधार कार्ड साथ में लाना जरूरी है।

### बाइक न दिलाने पर युवक ने खाया जहर, भर्ती

**कुरारा।** क्षेत्र के पारा गांव निवासी सुरेश कुमार (21) शुक्रवार को पिता भद्दी से बाइक लेने के लिए कह रहा था। पिता के मना करने पर शाम करीब 7 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देखकर परिजन सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दो युवकों के खिलाफ छेड़खानी की तहरीर

**बिवांर।** एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि पति के साथ बाइक से रात 8 बजे करीब छानी से निवादा जा रही थी। गांव के बाहर बाइक का पेट्रोल खत्म होने पर पति पेट्रोल लेने चला गया, तभी दो युवक आए और उसे जबरन नर्सरी के पास ले गए। उसके साथ छेड़खानी की। शोर मचाने पर धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि महिला के पति के खिलाफ दुराचार का मुकदमा चल रहा है। मुकदमे की रंजिश में महिला फर्जी आरोप लगा रही है।

### मजदूर की आंख में घुस गया तार, गंभीर

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव का सोनू प्रजापति रिमझिम इस्पात लिमिटेड में स्थाई कर्मी है। शुक्रवार को दिन की ड्यूटी में कटिंग करते समय तार उसकी आंख में घुस गया। गंभीर हालत में फैक्ट्री प्रबंधन ने इलाज के लिए चित्रकूट के जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय में भर्ती कराया है। बताते हैं कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फैक्ट्री के मैनेजर मनोज गुप्ता ने बताया कि इलाज के बाद मजदूर की हालत में सुधार है।

### कांग्रेसियों ने सिजवाही के पीड़ितों का बांटा दर्द

**मौदहा।** नौ मई को महाराणा प्रताप जयंती पर सिजवाही गांव में हुए उपद्रव और आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त मामले में शनिवार को पूर्व जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी और वरिष्ठ नेता डा.शाहिद अली के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ितों से बातचीत की। कांग्रेसियों ने कहा कि महिलाओं के साथ मारपीट के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस दौरान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, विवेक चंद्र, वरुण राज, अंकुश गुप्ता, अहमद हसन, फरहत उल्लाह, सौरभ सैनी, शफकत उल्लाह राजू आदि कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# दो दिन से गायब किशोरी का कुएं में मिला सड़ा शव

## बिवांर थाना क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव की घटना, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, बिवांर

- मां-बाप गांव से बाहर रहकर करते हैं मजदूरी
- दादी के साथ गांव में अकेली रहती थी किशोरी

**अमृत विचार।** दो दिन से गायब किशोरी का सड़ा-गला शव कुएं से बरामद हुआ है। कुएं से दुर्गंध आने पर गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी तो कुएं में किशोरी का शव पड़ा होने का राज खुला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पूरे मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

बिवांर थाना क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव के रहने वाले नोखेलाल की 15 वर्षीय बेटी आरती पिछले दो दिन से गायब थी। उसके मां-बाप मजदूरी करते हैं और गांव से बाहर रहते हैं। आरती अपनी दादी के साथ गांव में रहती थी। गायब होने के बाद उसकी खोजबीन चल रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। शनिवार की दोपहर गांव के लोग पंचायत घर के पास स्थित कुएं के चबूतरे पर बैठे थे, तभी कुएं से बदबू आने लगी। लोगों ने किसी जानवर के गिरने की आशंका में झांककर देखा तो लड़की का शव पड़ा था।

गांव वालों ने फौरन इसकी सूचना पर पुलिस को दी। गांव पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला तो उसकी शिनाख्त आरती के रूप में हुई। दो दिन से कुएं में पड़े होने के कारण शव फूल गया था, जिससे तेज दुर्गंध भी आ रही थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह पता चल सकेगी। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पति के गायब होने की पुलिस को दी तहरीर

- **बिवांर।** थाना क्षेत्र के पारा गांव की संगीता ने कुनहेटा चौकी में तहरीर देकर बताया कि पति रामलखन शराब पीने का आदी है। शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता था। 6 दिन पहले नशे में मारपीट करने पर उसने 112 नंबर पर फोन किया था। पुलिस के आने पर पति भाग गया था। इसके बाद से पति गायब है। रिश्तेदारी के साथ सभी जगह पर तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग रहा है। संगीता ने पिता के साथ चौकी पहुंचकर पति के गायब होने की तहरीर दी है। चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। उसके पति की तलाश की जाएगी।

### पैसे मांगने पर वेटर को पुल से फेंका

- **सुमेरपुर।** मजदूरी का पैसा मांगने पर वेटर को दबंगों ने पुल के नीचे फेंक दिया। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला निवासी कौशल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह लखनापुरवा निवासी शिवम कुटार के अधीन शादी समारोह में वेटर का कार्य करता है। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे शिवम अपने साथियों के साथ कड़ोरन नाले में मॉडल डिग्री कॉलेज जाने वाले मार्ग के पुल पर शराब पी रहा था। उसने उससे मजदूरी के रुपये मांगे तो शिवम ने उसके साथ गालीगलौज की और उठाकर पुल के नीचे फेंक दिया। इससे उसके हाथ में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


कार्यक्रम को संबोधित करते सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति। अमृत विचार

## अहिल्याबाई से सीख ले सशक्त बनें महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर ग्राम्य विकास विभाग ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम कराया। उद्घाटन सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने किया।

सदर विधायक ने महिलाओं से आवाहन किया कि माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सीख लेकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने का रास्ता बनाएं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने माता अहिल्याबाई होल्कर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उनकी प्रेरणा लेकर महिलाओं को सभी क्षेत्रों में सशक्त बनाने के लिए महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में कुलदीप निषाद चेयरमैन नगर पालिका परिषद, सुनील पाठक जिलाध्यक्ष भाजपा, अशोक कुमार तिवारी राज्य सभा सांसद के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीडीओ, डीपीआरओ सहित समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक सहित अन्य उपस्थित रहे।

इसी क्रम में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की अध्यक्ष प्रितिजा ने अपनी सफलता की कहानी में बताया कि उनके एफपीओ का टर्नओवर 54 लाख रुपये है। बीसी सखी के रूप में 1.5 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन कर रहीं है।

## किराना दुकान से नकदी, सामान चोरी

**बिवांर।** उमरी गांव में चोरों ने किराने की दुकान से चोरों ने किराना सहित गोलक में रखे 30 हजार रुपये चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाने में चोरी की तहरीर दी है।

उमरी निवासी मूलचंद ने बताया कि घर के कमरे में किराना की दुकान है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे दुकान बंद की थी। रात करीब 12 बजे चोर दुकान का ताला तोड़कर दो पेटी काजू, 2 किलो पिस्ता, 2 किलो पिस्ता दाना, 6 किलो बादाम व अन्य सामान सहित गोलक में रखें 30 हजार रुपये ले गए। एसआई रवीन्द्र कुमार ने कहा कि तहरीर पर जांच की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### राठ रोड पर हादसे में बाइक सवार की मौत

**पौथिया।** जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल निवासी महादेव (40) पुत्र घनश्याम शुक्रवार की देर रात बाइक से हमीरपुर जा रहा था। राठ-हमीरपुर रोड पर रात करीब 10 बजे ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर ललपुरा पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। ललपुरा थाना के उपनिरीक्षक आदित्य सक्सेना ने बताया कि बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे। अमृत विचार

### चेयरमैन ने सीएम से मिलकर सीएचसी, स्टेडियम की मांग रखी

**सुमेरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कस्बे में चकबंदी कराने, सीएचसी और स्टेडियम निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा बांदा रोड पर रेलवे गेट संख्या 31 में ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी। अवतार मार्केट से सौंखर, कान्हा गौशाला से उजनेडी, तपोभूमि इमिलिया तिराहे से छोटी बाजार तक, देवगांव मार्ग से हाइवे 34 तक, इंडियन पेट्रोल पंप से दुग्ध डेयरी मार्ग तक पीडब्ल्यूडी से सड़क बनवाने का अनुरोध किया है। कस्बे की नई बस्तियों में विद्युतीकरण की मांग की है। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत अध्यक्ष को आश्वासन दिया है। नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने की मांग की गई है।

### बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**मौदहा।** बकरीद को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें एसडीएम राजकुमार गुप्ता और क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने त्योहार को परम्परागत तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और कुर्बानी का खून नालियों में नहीं बहाएं। बैठक में बिजली, पानी, सफाई के साथ अन्ना जानवरों का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, जावेद अख्तर, चौधरी नसीम आलम, कारी सना उल्लाह, डा.मुबीन खान, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

### दुकान का शटर उखाड़कर सामान और नकदी चोरी

**राठ।** कस्बे के पठनऊ मोहल्ला निवासी मनोज कुमार गुप्ता की उरई बस स्टैंड के पास किराना की दुकान है। शुक्रवार शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार सुबह जब दुकान पहुंचा तो शटर उखड़ा था। गोलक से लगभग 10 हजार नगदी सहित धनिया, मिर्चा, काजू, किशमिश व गुटखा की बोरियां और दो कट्टी रिफाइंड गायब था। पीड़ित ने तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।


बाइक यात्रा निकालते पाल समाज के युवक। अमृत विचार


बाइक यात्रियों को शर्बत पिलाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# जयंती पर पाल समाज ने निकाली बाइक यात्रा

संवाददाता, राठ

- समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पिलाया ठंडा शर्बत

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पाल समाज के लोगों ने उरई बस स्टैंड के पास कांच मंदिर में जयंती मनाते हुए चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद कस्बे में बाइक यात्रा निकाली, जो पूरे कस्बे में घूमते हुए वापस पहुंची। इस दौरान समाजवाटी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में स्टाल लगाकर बाइक यात्रियों को ठंडा शर्बत पिलाया।

वीरांगना अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र जिले के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। अहिल्याबाई होलकर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी थी। शनिवार को उनकी जयंती पर पाल समाज के लोगों ने उन्हें याद किया। सुबह करीब 10 बजे समाज के सैकड़ों युवकों ने बाइक पर बैठक कर पूरे कस्बे में शोभा यात्रा निकाली। कांच मंदिर से शुरू हुई यात्रा उरई बस स्टैंड़, अंबेडकर चौराहा, बजरिया, रामलीला मैदान, पडाव से होते हुए वापस कांच मंदिर पहुंची। इस दौरान रामलीला मैदान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में बाइक सवारों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की नीलम यादव, शांत पाल यादव, लाखन यादव, रामस्वरूप किसान, चंद्रवती वर्मा, गोकुल राजपूत, शैलेंद्र लोधी, ईश्वरदास पासवान, हाजी राशिद अली, अब्दुल तारिक, अमर चंद्र पाल, अवधेश यादव, कामता लोधी, मानवेंद्र, मुलायम सिंह लोधी समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


जागरूकता जरूरी

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



नशा मुक्ति केंद्र में गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को इसके निषेध की शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर करवाए गए।

गोष्ठी में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों द्वारा तम्बाकू उत्पाद खरीदना, बेचना प्रतिबंधित करने की बात कही गई। नोडल अधिकारी डॉ.कमलेश चन्द्र, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अनूप निगम, डिप्टी सीएमओ डॉ.पुष्पेंद्र कुमार, डा.सीबी राजपूत, डॉ.बीपी सिंह, डा.साक्षी प्रसाद पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट, आरके यादव, मानसी सिंह, डा.नीता आदि उपस्थित रहे।

उधर, जिला नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता परमलाल सेवा समिति के निदेशक डॉ.एसके चक्रवर्ती ने की। समाजसेवी जलीस खान ने युवाओं का आह्वान किया कि उठो जागो और जब तक न रुको, तब तक जनपद नशा मुक्त न हो जाए। क्योंकि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है। युवा ही इस नशा रूपी अभिशाप से देश को बचा सकता है। डॉ.नफीस अहमद ने कहा कि नशा समाज में कोढ़ बनकर फैल रहा है, इसे खत्म करने के लिए जन-जन तक जागरूकता की जरूरत है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से जिन्दगी ही दूभर नहीं होती, बल्कि सब कुछ समाप्त हो जाता है। यहां अशोक कुमार, रामकिशोर, विनय खरे आदि ने विचार रखे।

## बाथरूम में गिरने से युवक की मौत

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते बाथरूम करने के लिए उठे एक युवक की गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

क्षेत्र के धमना गांव का निवासी दिलीप कुमार (33) पुत्र जगतराम शुक्रवार की रात करीब 11 बजे बाथरूम करने के लिए उठा। वह बाथरूम में पहुंचा तो अचानक जमीन पर गिर गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने देखा तो आनन फानन सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दिलीप कुमार पिता के नाम जमीन पर खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# पहले छेड़छाड़, फिर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## कबरई थाना क्षेत्र के धरौन गांव में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगई

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सरेआम लाठी से हमला करता दबंग। अमृत विचार

- सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया
- तीन महिलाओं सहित चार घायल पुलिस मामले की जांच में जुटी
- पुलिस बोली, पूरे मामले की गहराई से जांच के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** कबरई थाना क्षेत्र के धरौन गांव में युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटी और परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडों से हमला कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हमले में तीन महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को कबरई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

धरौन निवासी अर्जुन कुशवाहा की बेटी सावित्री (18) और गोमती (16) खेत जा रही थी, तभी रास्ते में गांव के एक दबंग ने लड़कियों के साथ छेड़छाड़ कर दी। इसका विरोध करने पर दबंग ने लड़कियों के साथ गालीगलौज कर हड़काया। घर लौटकर बेटियों ने अपने साथ घटी घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने दबंग के घर जाकर विरोध जताया, जिससे दबंग बौखला गया और अपने दो साथियों के साथ मिलकर अर्जुन कुशवाहा के परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

हमले के दौरान दबंगों ने महिलाओं को भी नहीं बख्शा। हमले में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें कबरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। महिलाओं और पुरुष को दौड़ा-दौड़ा कर पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

पीड़ित परिवार ने घटना की तहरीर थाने में दे दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। आरोपियों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# आटा पिसाने से मना करने पर बच्चों पर बरसाए डंडे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के काली पहाड़ी में दबंगों ने दो दलित बच्चों को घर में बंद कर लाडी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया और चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को सौंप दिया। शाम को पुलिस ने बच्चों को भगा दिया। कोतवाली से छूटने के बाद बच्चों ने बताया कि कमरे में बंद कर उनके साथ मारपीट की गई है।

काली पहाड़ी के एक दबंग ने गांव के ही प्रकाश अनुरागी पुत्र मुलुआ अनुरागी और लल्लू अनुरागी के दो बच्चों को घर से आटा पिसाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। बच्चों के आटा पिसाने से मना करने पर दबंग ने दोनों दलित बच्चों पर लाठी से हमला कर अधमरा कर दिया। बाद में दोनों बच्चों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शाम तक बच्चों को बैठाने के बाद उन्हें भगा दिया।

घर लौटने के बाद बच्चों ने बताया कि उनकी पिटाई करने के बाद दबंग ने धमकी देकर पुलिस के सामने मनमाफिक बयान दिलवाए। पीड़ित प्रकाश अनुरागी ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि काम न करने पर दबंग ने उनकी लाठी से पिटाई की और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

## बस्ती से शराब का ठेका हटाने की मांग

**कुलपहाड़।** नगर के बेलाताल रोड पर तहसील के पास रिहायशी बस्ती में देशी शराब की दुकान खुलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मुहल्ले वासियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर शराब की दुकान को हटाकर अन्य निर्धारित स्थान पर दुकान खोले जाने की मांग की है।

नगर के बेलाताल रोड स्थित तहसील के पास सेनापति वार्ड निवासी अजय, सौरभ, उमाकांत, श्यामलाल, मनोज, रमजान, सूरज, नरेन्द्र सहित तमाम लोगों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर रिहायशी मुहल्ले में देशी शराब की दुकान बन्द कराने की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया कि इस मुहल्ले में महिलाएं, लड़की, बच्चे आदि परिवार सहित रहते हैं। बस्ती में शराब की दुकान खुलने से यहां का वातावरण खराब होगा, एवं शराब पीकर आए दिन लड़ाई झगड़ा होगा। जिसे तत्काल शराब दुकान खुलने से रोका जाना अति आवश्यक है, ताकि विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो सके।


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के नेता। अमृत विचार

# किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, कुलपहाड़

- भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर छह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर निस्तारण किए जाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर धरना-प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी गई।

तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रिवई स्टेट, परापातर, टिगुरा, ब्यारजौ में सिंचाई के लिए विद्युत लाइन नहीं है। कई बार लिखित मांग करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। जल्द ही सिंचाई के लिए विद्युत लाइन खिंचवाई जाए। टोला पांतर में गाटा संख्या 169 रकबा 0.939 की पत्थर गड्डी कराने के लिए कई बार निवेदन करने पर भी नहीं हुई। रिवई के नदी वाले दो रास्तों एवं हनुमान मंदिर के रास्तों पर अवैध कब्जा हटाया जाए। ग्राम टोला पांतर में चकरोड संख्या 340 व 214 में दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जा को खाली कराया जाए।

रिवई में भारत सिंह के गलत विद्युत रीडिंग के बिल को सही कराकर कनेक्शन जोड़ा जाए। रिवई स्टेट में सफाई कर्मी न होने के कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जहां सफाई कर्मी की नियमित ड्यूटी लगाई जाए। उनका कहना है तीन साल से बराबर मांग की जा रही है, लेकिन इन समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया है। ज्ञापन मे बताया कि अगर तय समय सीमा पर निस्तारण नहीं किया गया, तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष कुलपहाड़ अशोक कुमार, प्रेम नारायण, चतुर्भुज राजपूत, मान बहादुर, रामकुमार, साधू राम रावत, मनमोहन, रामरतन, भारत आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।


वाहन रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## अहिल्याबाई की जयंती पर निकली यात्रा

संवाददाता, जैतपुर

**अमृत विचार।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर शनिवार को अजनर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजनर से मगरिया तक बाइक रैली निकाली। इसके बाद मगरिया बडी माता मंदिर परिसर मे भाजपा नेताओं और प्रतिनिधियो ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने आहिल्याबाई के आदर्शो पर चलने का आहवान किया।

अजनर मंडल अल्यक्ष अजनर सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि अहिल्यावाई एक विचारधारा से उस युग की नारी शक्ति थी, उनकी विचारधारा से नारी सशक्तिकरण को बल मिलता है। अहिल्याबाई होल्कर के बलिदान से महिलाएं प्रेरणा लें। कहा कि प्रजा के प्रति राजा का क्या ब्यवहार हो वह अहिल्या बाई से सीखें।

पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत ने कहा कि आहिल्याबाई होल्कर मालवा, साम्राज्य की रानी थी, उन्हे भारत की सबसे दूरदर्शी शासकों मे से एक माना जाता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अंकित दुबे, प्रशां त तोमर, रामाशरे पाठक, संदीप राजपूत, कालका बिश्वकर्मा, मुकेश त्रिपाठी, आलोक नगरिया आदि मौजूद रहे।

# विशेष सचिव ने देखी जमीनी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बैठक में जानकारी देते विशेष सचिव अमित सिंह। अमृत विचार

- कबरई विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों का किया भौतिक सत्यापन

**अमृत विचार।** सरकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रगति व भौतिक सत्यापन के लिए विशेष सचिव नियोजन अमित सिंह बंसल ने विकासखण्ड कबरई क्षेत्र में निरीक्षण किया। यह निरीक्षण एक जून तक चलेगा। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ सभी सूचकांकों पर स्थलीय प्रगति की समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने विशेष सचिव का बुके देकर स्वागत किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले के महत्वाकांक्षी विकासखण्ड कबरई में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन हो। रिक्त पदों पर अधिकारी व कर्मचारी तैनात हों। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। स्थलीय सत्यापन के लिए तीन दिवसीय भ्रमण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को योजनाओं और विकास कार्यों सम्बंधी जो रिपोर्ट भेजी जाती है, वह मौके पर भी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में नवजात शिशुओं की लम्बाई एवं वजन मापने के लिए क्रियाशील उपकरणों, बाल सुलभ पेयजल एवं बाल मैत्रिक शौचालय की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, संगिनी एवं सुपरवाइजर की तैनाती, उपलब्धता की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। सीएचसी, पीएचसी में गर्भवती महिलाओं के चेकअप की लाइन लिस्टिंग, सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्साधिकारियों की तैनाती, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालायों में स्मार्ट क्लासरूम, सुलभ पेयजल, बिजली एवं क्रियाशील शौचालयों व शिक्षकों की उपलब्धता, ग्राम पंचायत, सचिवालय से जनसुविधाओं तथा पंचायत सहायक एवं डाटा एंट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती, उपलब्धता की स्थिति, पोषण पुनर्वास केन्द्र, रिसोर्स रिकवरी सेंटर, स्वयं सहायता समूह, केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीवारों पर पेंटिंग, गोल्डन कार्ड बनाने के निर्देश

सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्रों, शौचालय, पेयजल व दीवारों पर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रशंसा की। सचिव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डन कार्ड वितरण में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास खण्ड में सभी विभागों के रिक्त पदों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेसियों ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**महोबा।** न्याय पंचायत पसवारा की ग्राम पंचायत चुरबुरा में कांग्रेसियों ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पाल समाज के साथ मिलकर मनाई। भाजपा के बाद अब कांग्रेस भी आहिल्याबाई की त्रिशताब्दी मनाने में बढ चढ कर हिस्सा ले रहे है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य में एक समुचित न्याय व्यवस्था की स्थापना की थी और सभी जाति धर्म के लोगों के साथ उन्होंने समान व्यवहार किया। उनको न्याय प्रियता की मूर्ति कहा गया। उन्होंने अपने शासनकाल में कई युद्ध लड़े और सेना का नेतृत्व स्वयं किया। उनकी वीरता साहस और पराक्रम को आज भी लोग याद करते है। इस मौके पर अभिषेक पाल, जाहिर सिंह, बलदेव प्रसाद एडवोकेट, देवकीनंदन राजपूत, अशोक कुमार राजपूत, अरविंद द्विवेदी, रमजान मंसूरी, राकेश सिंह, वृंदावन कुशवाह, तुलसीदास यादव जी विनोद कुमार पाल, चंद्रशेखर, सूरजभान, नंदू पाल, मल्लू पाल, बंदी पाल, सच्चे पाल, राजू पाल, मकरंद पाल, आजुद्दी पाल, और मनोज पाल उपस्थित रहे।


अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# जेडी ने कोरोना की तैयारियां देखीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते जेडी अभय प्रताप सिंह। अमृत विचार

- कोविड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्थाओं का देखा हाल

**अमृत विचार।** जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शासन के निर्देश पर संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य अभय प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कोविड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के ऑक्सीजन स्टोर रूम पहुंचे, जहां गंदगी और अव्यवस्था देखकर उन्होंने नाराज़गी जताई। उन्होंने सीएमएस को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि साफ-सफाई और ऑक्सीजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं तत्काल सुधारें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने पाया कि ऑक्सीजन प्लांट का जनरेटर अस्पताल में अन्य कार्यों के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। इस पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आपात स्थिति में ऑक्सीजन सप्लाई किसी भी हाल में बाधित नहीं होनी चाहिए। जनरेटर का प्राथमिक उपयोग ऑक्सीजन प्लांट के लिए ही सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कोविड वार्डों में जाकर ऑक्सीजन की आपूर्ति, उपकरणों की स्थिति और दवाओं की उपलब्धता की भी जांच की। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि हर बेड पर ऑक्सीजन सप्लाई की नियमित उपलब्धता रहे और संबंधित कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें। उन्होने कहा कि प्रदेश में कोविड के नए मामले सामने आने के बाद शासन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल का निरीक्षण भी इसी उद्देश्य से किया गया है। संभावित संक्रमण से पहले ही स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## दो लोगों ने मौत को गले लगाया

**महोबा।** दो स्थानों पर दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। पहली घटना में चरखारी के खंदियांपुरा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर, कबरई के राजेंद्र नगर में अधेड़ ने ट्रेन से कटकर जान दे दी।

चरखारी के खंदिया निवासी दीपेंद्र सिंह (24) पुत्र वरबट सिंह ने शुक्रवार रात खाना खाने के बाद कमरे में पंखे के हुक में रस्सी बांध कर फांसी लगा ली। परिजनों ने कई घंटे बाद देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे है। कबरई के राजेंद्र नगर निवासी हीरालाल उर्फ धीरेंद्र (42) पुत्र प्रकाश चंद्र ने शनिवार सुबह झांसी-मानिकपुर रेल लाइन पर कबरई रेलवे स्टेशन से पांच किलोमीटर दूर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

## काम से ही याद रखा जाता नाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का पुलिस लाइन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने कहा कि ईमानदारी और मेहनत से कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद भी याद किया जाता है।

अपर पुलिस अधीक्षक पुलिसकर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में बोल रही थी, उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद कर उनके सुखमय जीवन की कामना की गई। विदाई समारोह के अवसर पर उपनिरीक्षक सतीश कुमार शुक्ल, मुख्य आरक्षी ब्रम्हदत्त जनपदीय पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।




सेहत का रखें ख्याल | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन

# बदियों को तंबाकू–सिगरेट से तौबा करने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, महोबा


शनिवार को उपकारागार में शिविर के दौरान बंदियों को शपथ दिलाते जज तेंद्र पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिला उपकारागार में तम्बाकू रोकथाम व नियंत्रण जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज तेन्द्र पाल की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में बदियों को डाक्टरों ने तम्बाकू-सिगरेट आदि के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी नुकसान व बीमारियों के बारे में जानकारी दी। अपर जिला जज ने बंदियों को नशे का सेवन न करने की शपथ दिलाई।

शिविर में बंदियों को जागरूक करने के साथ ही विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य भी बताया गया। शिविर में डॉक्टरों ने तम्बाकू, सिगरेट आदि के उपयोग से होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी गम्भीर बीमारियों के विषय पर जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तेन्द्र पाल ने बन्दियां को नशामुक्ति के सम्बन्ध में शपथ दिलाई। उन्होंने तम्बाकू सेवन से होने वाली घातक बीमारियों व मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू का सेवन न केवल कैंसर का बल्कि दृष्टिहीनता, फेफड़े के रोग एवं श्वास सम्बन्धी रोगों का भी मुख्य कारण है। यदि व्यक्ति में इच्छा शक्ति है तो नशा को त्याग सकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। नशा त्याग कर अच्छा जीवन जी सकते हैं। नशा न केवल उस व्यक्ति को खोखला करता है, बल्कि उसके परिवार में भी दुष्प्रभाव डालता है। शिविर में बंदियों को कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया और कहा गया कि ऐसे गरीब एवं असहाय बंदी, जिनकी कोई पैरवी नहीं कर रहा है और वे अपने मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में असक्षम हैं, उनके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल उपलब्ध कराया जाता है। इसकी ओर से बंदियों की समस्त प्रकार की विधिक सहायता की जाती है। लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामअवतार सिंह व डिप्टी रामनरेश यादव ने भी तम्बाकू के रोकथाम का लेकर अपने विचार रखे। डा. योगेन्द्र राजावत, डा. प्रेमदास, डा. अंकिता ने यह भी बताया कि अस्पतालों में तम्बाकू के सेवन से ग्रसित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इसलिए तम्बाकू रोकथाम बहुत आवश्यक है। जेलर शिवमूरत सिंह, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, योगेन्द्र सिंह के अलावा फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार कबीर, डिप्टी जेलर सुशील निरंजन, लालाराम, रामसिया आदि उपस्थित रहे। संचालन स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।

## एक नजर

### समझौता करा कर परिवार टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराई। कामती देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद निवासी लोखरी थाना रैपुरा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया कि उसकी पुत्री कुसुम उर्फ राखी के साथ उसका पति सदानंद मिश्रा निवासी चौखड़ी थाना अतरैल (रीवा) मप्र व अन्य ससुरालीजन गालीगलौज, मारपीट करते हैं और दहेज की मांग करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थनापत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को निर्देशित किया। केंद्र प्रभारी गीता देवी, आरक्षी मंजूलता पाल, शिवाग्नी श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को समझा कर उनके बीच समझौता कराया।

### असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ के एसआई चंद्रमणि पांडेय ने आरोपी अर्जुन तिवारी पुत्र नर्मदा प्रसाद निवासी गड़ौली को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में एसआई शिवमणि मिश्रा, आरक्षी शक्ति सिंह और राहुल पुरी शामिल रहे।

### वारंटी आरोपी को दबोचा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** एसआई नीरज ने आर्म्स एक्ट के वारंटी मो. हनीफ खान उर्फ राजू खान पुत्र हबीव खान निवासी शिवनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी लोकेंद्र कुमार शामिल रहे।

### पुलिस ने शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी गनीवां यदुवीर सिंह ने राजाराम प्रजापति पुत्र पितांबर निवासी ग्राम अर्जुनपुर को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के एसआई कृपानंदन शर्मा ने इमाम हसन उर्फ लल्लू पुत्र अब्बास अली निवासी शिवनगर को 29 अदद पाउच देशी शराब और राजापुर थाने के एसआई कन्हैया बक्श सिंह ने संदीप सोनकर पुत्र महेश सोनकर निवासी क्वेटरहा को 30 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### जुआ खेलने के आरोप में नौ गिरफ्तार

**राजापुर चित्रकूट।** पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआई सुरेंद्र कुमार ने गोलू सिंह सोनकर, सुधीर सोनकर, ननकू सोनकर, मिलन निवासी काशीनगर, अशोक निवासी गयागंज को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपियों के मालफड़ से 900 रुपये व जामा तलाशी से 600 रुपये बरामद किए गए। पुलिस टीम में आरक्षी शुभम मिश्रा, लवकुश यादव, अरुण यादव और मनीष यादव शामिल रहे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

**रामनगर (चित्रकूट)।** आकांक्षी ब्लॉक के तीन दिवसीय दौरे पर रामनगर पहुंचीं अपर निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास ने अपने निरीक्षण के दूसरे दिन शनिवार को ग्राम पंचायत बांधी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मुआयना किया। अपर निदेशक ने वहां मरीज कलावती पत्नी मुन्नालाल एवं चंद्रकलिया पत्नी भैरों प्रसाद से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने दवाओं की उपलब्धता को भी देखा। डा. शैलेंद्र सिंह प्रभारी चिकित्साधिकारी, वसीम निजामी खां बीडीओ रामनगर, अनुराग पांडेय एडीओ पंचायत, धर्मेंद्र प्रकाश पांडेय नीति आयोग, एएनएम प्रभा सिंह आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी प्रक्रिया के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर बताईं दिक्कतें, समाधान का मिला आश्वासन

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** चकबंदी विभाग के खिलाफ किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। शनिवार को कर्वी तहसील के सिकरिया गांव के भड़के किसानों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया।

चकबंदी विभाग के खिलाफ आक्रोशित किसानों का प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को कर्वी तहसील के सिकरिया गांव के तमाम किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसान डीएम से मिलने के लिए उनके आने का इंतजार करते रहे। जब डीएम नहीं आए और किसानों के कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन की जानकारी एडीएम उमेश चंद्र निगम को मिली तो उन्होंने सहायक चकबंदी अधिकारी मनोहर लाल को मौके पर भेजा।

एसओसी से ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में करीब तीस वर्ष पहले ही चकबंदी हो गई है। इसके बाद अब बगल के गांव तौरा गांव में चकबंदी के लिए सर्वे की प्रक्रिया चल रही है। दोनों गांव के बीच में एक चकरोड भी है, जिसे लेखपाल और कानूनगो जबरन तौरा गांव का बताते हुए सिकरिया गांव के कई किसानों की जमीनों में नाप कर रहे हैं। इससे दोनों गांवों के किसानों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रदर्शन के दौरान जगनंदन प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, चुनबादी देवी, अरुण कुमार, मूलचंद्र, अखिलेश कुमार, कुल्लू देवी, कल्लूराम आदि किसान मौजूद रहे।

**बढ़ता जा रहा है किसानों का आक्रोश:** इससे पहले बीते गुरुवार को राजापुर तहसील के किसानों और अप्रैल माह में कर्वी तहसील के पहाड़ी विकास खंड के बाबूपुर गांव के सैकड़ों किसानों ने चकबंदी विभाग के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों के ऊपर अनियमितता का आरोप लगाया। चकबंदी विभाग की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। किसानों की शिकायतों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है।


कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### जल्द दूर करेंगे समस्या : मनोहर लाल

- सहायक चकबंदी अधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि सिकरिया गांव के किसानों की समस्या सुन ली गई है। जल्द ही सीओ शरद चंद्र यादव को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण करवाया जाएगा। बताया कि चकबंदी एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। इसमें किसानों को धैर्य बनाकर रहना चाहिए। किसी भी किसान के साथ कुछ गलत नहीं होगा।


बैठक में मातहतों को निर्देश देते डीएम राजेश कुमार पांडे। अमृत विचार

# शांतिपूर्ण तरीके से करायें बीएड की प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक हुई। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक समेत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी पाण्डेय ने बताया कि एक जून को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 7 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें गांधी महाविद्यालय, दयानंद वैदिक कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं सर्वोदय इंटर कॉलेज शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 2997 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली सुबह 9:00 से 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 8:00 बजे से 9:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों में किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल, ब्लूटूथ अथवा अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा 4 केंद्र प्रतिनिधि, 7 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1 रिजर्व केंद्र प्रतिनिधि एवं 1 रिजर्व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षार्थियों के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र की तीन प्रतियों के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। इस अवसर पर एडीएम योगेंद्र सिंह, एसडीएम अतुल कुमार, एसडीएम सौरभ पाण्डेय, डीआईओएस राजकुमार पंडित आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


कार्यशाला में मौजूद अपर निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास व अन्य।

### सफाई कर्मियों से पूछा, नगर को कैसे रखें स्वच्छ

**चित्रकूट।** महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर शनिवार को एक होटल में ठोस अपशिष्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर सफाईकर्मियों से नगर को साफ स्वच्छ रखने के सुझाव मांगे गए। कार्यक्रम में अपर निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास भी मौजूद रहीं। अपर निदेशक ने सफाई मित्र महिलाओं को डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण व समग्र स्वच्छता प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इनसे कई सवाल भी पूछे गए। स्वच्छ सर्वेक्षण के बारे में बताया गया कि। उन्होंने चित्रकूट के चौराहों के सुंदरीकरण सबंधी कार्यों की आवश्यकता बताई और इस संबंध में अधिशासी अधिकारी लालजी को प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नगरीय निदेशालय से विशेषज्ञ सौमित्र शेखर, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक डीपी शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, कमलाकांत शुक्ला, कर्मोत्तम सिंह, राहुल पांडेय, शिवम पांडेय, अशरफ़ खान, शिवविजय सिंह, राम कुमार, संजय गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, ज्ञान गुप्ता, सुभाष गुप्ता, शहज़ादे, रवि ज्ञानेंद्र, गौरव, शिवकुमार गुप्ता, सतीश, रोहित, अंकित जायसवाल आदि मौजूद रहे।


तंबाकू निषेध की शपथ लेते पुलिस कर्मी

### पुलिस ने ली तंबाकू का सेवन न करने की शपथ

**कालपी जालौन।** शनिवार को कालपी कोतवाली में तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने पुलिस कर्मियों को परिसर को इससे मुक्ति परिसर बनाए जाने की शपथ दिलाई। भले ही ज्यादातर लोग तम्बाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करते हों पर इसके निर्माता भी इसे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक मानते हैं, जिसके लिए वह अपने अपने उत्पादो पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक का स्लोगन भी लिख देते हैं लेकिन इसका उपयोग बन्द नहीं हो रहा है। हालांकि सरकारी विभागों में प्रतिवर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है और इसी के चलते शनिवार को कोतवाली में भी क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह चौहान द्वारा सभी पुलिस कर्मियो को तम्बाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलाई और कहा कि वह कम से कम अपने परिसर को तो तम्बाकू मुक्त बना ही सकते हैं। खुद तो इसका बहिष्कार करें ही और अन्य लोगों को इसका सेवन न करने के लिए प्रेरित भी करें। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, रणधीर सिंह, विवेक मिश्रा, रामजीलाल, शैलेष कुमार, जितेन्द्र सिंह, विशाल भडाना बिपलेन्द्र सिंह आदि रहे।

### हार जीत की बाजी लगाते सटोरिया गिरफ्तार

**कालपी।** स्थानीय नगर के मोहल्ला रावगंज के सार्वजनिक स्थान में हार जीत की बाजी लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। आरोपी युवक को रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, हमराही सिपाही बिपलेंद सिंह, हनीफ शाह देर रात गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम मोहल्ला रावगंज स्थित एक धर्मशाला के पास खाली प्लाट पर पहुंची तो आरोपी युवक हरिश्चंद्र निवासी मोहल्ला रामगंज कालपी सट्टा पर्ची के आधार पर हार-जीत की बाजी लगाकर सट्टा खेल रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर के आरोपी युवक को पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक के पास से पुलिस ने 920 रुपये, पेन, सट्टा पर्ची बरामद कर लिया।

### आग से जलकर गृहस्थी हुई राख

**रामनगर (चित्रकूट)।** आग लगने से एक गरीब परिवार की घर गृहस्थी बरबाद हो गई। उर्मिला देवी पत्नी सुरेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वह लकड़ी काटने पास के जंगल चली गई थी। घर में बच्चे थे कि लगभग नौ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक पड़ोसी पहुंचते तब तक घर की सारी गृहस्थी की सामग्री, अनाज, कपड़े जलकर राख हो गए। सुरेश कुमार ने बताया कि वह भूमिहीन अत्यंत गरीब व्यक्ति है। इसके बाद भी उसे आवास की बात छोड़िए राशन कार्ड तक नहीं बना है। सरकार की कोई भी योजना का लाभ उसे नहीं मिला है। विजय शंकर प्रधान पति खजुरिहा खुर्द ने जानकारी मिलने पर पीड़ित के घर जाकर भोजन के लिए राशन सामग्री दी। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने भी पीड़ित के घर पहुंच संवेदना व्यक्त की।


पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैया का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव रंजन कुमार, साथ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# मुनादी कराकर दी जाए योग संबंधी जानकारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव आयुष विभाग तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश रंजन कुमार ने शनिवार को नीति आयोग के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का मौका मुआयना किया। उन्होंने निर्देश दिए कि 21 जून के पहले गांवों में मुनादी कराकर योग संबंधी कार्यक्रम की जानकारी दी जाए।

ग्राम पंचायत सिद्धपुर में पंचायत भवन में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पंचायत सहायकों को डिजिटल प्रशिक्षण भी दिलाया जाए। पंचायत सहायक स्वाति सिंह से कंप्यूटर में प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि एक आदेश जारी करें कि पंचायत भवन में बैठक करके सभी योजनाओं की जानकारी गांव के लोगों को दी जाए। 21 जून के पहले सभी गांवों में योग कार्यक्रम कराए जाने की जानकारी मुनादी कराकर दी जाए। इस मौके पर एसडीएम पूजा साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव आयुष विभाग ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैया के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक उमाशंकर पांडेय इस मौके पर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाए

प्रमुख सचिव आयुष विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों को देखा। प्रभारी चिकित्साधिकारी चंद्रशेखर वैश्य ने बताया कि शनिवार को आठ महिलाओं की डिलीवरी हुई है। प्रमुख सचिव ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कम वजन वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराया जाए। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कराई जाए। स्वास्थ्य केंद्र में नेटवर्क की समस्या में सुधार कराया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिए कि डाटा फीडिंग सही तरीके से कराई जाए। गलती पर सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# कोरोना से निपटने को स्वास्थ्य विभाग ने किया मॉकड्रिल

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कोरोना के सम्भावित खतरे से निपटने के लिए शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा माकड्रिल की गयी। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियो द्वारा मरीज को उपचार देने का अभ्यास किया गया।

देश में कोरोना के मरीज बढ़ने के साथ स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो रहा है। इसी के चलते विभाग ने सभी अस्पतालों को अपनी तैयारियों को परखने के लिए माकड्रिल करने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते शनिवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश वर्दिया के अनुसार अस्पताल में कोरोना की सभी तैयारिया पूरी है, जिसके लिए अलग वार्ड बनाया गया है तो आक्सीजन आदि जरूरी समान की उपलब्धता के अलावा दवाएं और कर्मचारियों को भी अलर्ट पर रखा गया है। इसी के चलते शनिवार को अस्पताल में कोरोना से ग्रस्त फर्जी मरीज को एम्बुलेंस से लाकर उसका परीक्षण और उपचार का भी अभ्यास किया गया। इस दौरान डॉ. विशाल सचान, डॉ. शेख शहरयार, के अलावा सभी अस्पताल और 108 एवं 102 एम्बुलेंस का भी स्टाफ मौजूद रहा।


माकड्रिल करते डॉक्टर। अमृत विचार

# अप्रिय घटना की सूचना देने पर तुरंत होगी कार्रवाई

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने लोगों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की आशंका पर तुरंत सूचना दें, त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि सद्भावना व मैत्रीपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की परंपरा का निर्वाह करना हम सब लोगों का कर्तव्य है। सद्भावना बिगड़ने वाले तत्वों पर पुलिस बराबर नजर बनाए हुए है। समाजसेवी सुनील मिश्रा ने सफाई, विद्युत आपूर्ति व झूलते तारों को दुरुस्त कराने की मांग की। सफाईकर्मियों की टीम बनाकर काम कराया जाएगा। क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने बताया कि राजापुर, रायपुर, कलवलिया गांवों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी। इस मौके पर लोगों ने समस्याएं बताईं। बैठक में सुनील मिश्रा, सतीश मिश्रा, राजेश तिवारी, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, साबिर अली आदि मौजूद रहे।

आयोजन | मराठा शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किये जा रहे हैं कार्यक्रम

# पाल महासभा ने निकाली अहिल्याबाई की शोभायात्रा

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** मराठा शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयन्ती नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस दौरान पाल महासभा द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गयी।

अहिल्याबाई होल्कर एक महान मराठा शासिका और समाज सुधारक थीं। उन्होंने मालवा राज्य में होलकर राजवंश के दौरान न्याय, सुशासन और लोक कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। वे एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी शासक और अपनी प्रजा के लिए एक सच्ची माता के रूप में जानी जाती हैं उनका जन्म 31 मई 1725 को चौंडी गांव में हुआ था, जो वर्तमान महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। उनके पिता मनकोजी शिंदे थे, जो एक सामान्य किसान थे।

उन्हें बचपन से ही शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला, जो उस समय महिलाओं के लिए असामान्य था। उनकी शादी खण्डेवराव होल्कर के साथ हुई थी। लेकिन 1754 में उनके पति की मृत्यु के बाद, उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली थी। इतना ही नहीं 1766 में उनके ससुर मल्हार राव होलकर की भी मौत हो गई थी जिसके के बाद वह मालवा की शासिका बनीं थी और उन्होंने अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने और अपनी प्रजा का कल्याण करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। उन्होंने पूरे भारत में मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण किया और उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं थी।

उन्होंने महेश्वर में वस्त्र उद्योग को स्थापित किया, जो बाद में अपनी प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ियों के लिए जाना गया है। 13 अगस्त 1795 को अहिल्याबाई की मृत्यु हो गई। इसी के चलते शनिवार को उनकी 300 वीं जयन्ती मनाई गयी। पाल महासभा के जिलाध्यक्ष सेवाराम पाल की अगुआई में आयोजित इस कार्यक्रम मे समाज के लोगों से उनके पथ पर चलने की अपील की गयी। इस दौरान पाल महासभा द्वारा नगर में यात्रा भी निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में पाल समाज के लोगों ने भाग लिया। अरविन्द यादव, मंगल सिंह पाल, रश्मिपाल, सभासद धर्मेन्द्र पाल, रोशन पाल, बलराम पाल परशुराम पाल, रजनी पाल सहित बडी संख्या में पाल समुदाय के लोग शामिल रहे।


शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने अहिल्यबाई को किया याद

- **कालपी जालौन।** शनिवार को नगर कांग्रेस कमेटी कालपी के तत्वावधान में कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गयी। उमाकांती की पूर्व विधायक उमाकांती के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सरसेला के आवास में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशात्बदी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम नगर कालपी अध्यक्ष अखिलेश अहिरवार एडवोकेट, आदित नगाइच, वीरेंद्र सिंह चौहान, शिवनारायण पाल, राम आसरे, जनक सिंह उर्फ लाला ठाकुर, रमेश तिवारी प्रमोद अहिरवार, जावेद अख्तर, बबलू प्रजापति, देवभान सिंह, बद्री अहिरवार, शाबिर मंसूरी, गिरीश अहिरवार आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे




**ऑरेंज कैप**
साई सुदर्शन (गुजरात)



759 रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात)



25 विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |



श्रेयस अय्यर

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।

पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत , नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।



अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।



हार्दिक पंड्या

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।

## काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।



● आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। मैं सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

## भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।



## वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ओवरटन इंग्लैंड की वनडे और टी20 सीरीज से बाहर

**लंदन :** जेमी ओवरटन बृहस्पतिवार को वनडे सीरीज के पहले मैच में लगी उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के बाकी बचे वनडे और टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एजबेस्टन में इंग्लैंड की 238 रन की जीत के दौरान रिटर्न कैच लेने की कोशिश करते हुए उंगली में चोट लगा बैठे। इंग्लैंड क्रिकेट ने शनिवार को एक बयान में कहा अब वह इंग्लैंड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन करायेंगे।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



बोस्निया के दामिर दजुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

## करुण नायर का दोहरा शतक भारत ए के लंच तक सात विकेट पर 533 रन बनाए

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक सात विकेट पर 533 रन बना लिए। नायर ने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 409 रन से आगे खेलना शुरू किया और उनके दोहरे शतक से टीम ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा।

शुरुआती सत्र के अंत में अंशुल कंबोज 16 और हर्ष दुबे 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। इससे पहले भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े। जुरेल के आउट होने से यह भागीदारी टूट गई। नायर भी अपना दोहरा शतक पूरा करने के बाद ज्यादा देर तक नहीं खेल पाए और जमान अख्तर की इनकमिंग गेंद पर बल्ला छुआकर जेम्स रियू के हाथों लपके गए। शार्दुल ठाकुर भी 27 रन पर अख्तर का शिकार बने।

## भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए।

उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उन्होंने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। मैं हालांकि पदक और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस जाऊंगा। सचिन ने सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने की उम्मीद जताई लेकिन इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। उन्होंने कहा मैं जब वापस लौटूंगा, तो पूरी ताकत से अभ्यास करुंगा।




● सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता



सचिन यादव। ● एजेंसी

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4.25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4.25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने उभरती सुरक्षा गतिशीलता के जवाब में चुस्त और सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया।

### मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या 14 हो गई।

### बलूच हमले में पाकिस्तानी अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में बलूच चरमपंथियों के हमले में पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चरमपंथियों ने शुक्रवार देर रात खुजदार जिले के सोराब शहर पर हमला कर उस पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया और कई संपत्तियों को आग के हवाले किया तथा एक बैंक को लूट लिया।

# चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद प्रशांत सहयोगियों के साथ अमेरिका

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च
- अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला

सिंगापुर, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।




### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# कोलंबिया ने बयान लिया वापस भारतीय नीति का किया समर्थन

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ इथोपिया

**अदीस अबाबा।** इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राकंपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, इथोपिया में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की।

### लातविया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

**रीगा।** लातविया पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक संपर्क के हिस्से के रूप में लातविया की राजधानी का दौरा कर रहा है। रीगा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सीमा पार आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने पर भारत के एकजुट रुख को पेश करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन और राजदूत एंड्रेज पिल्डेगोविक्स से मुलाकात की।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

## रूसी हमले में एक बच्ची की मौत, एक व्यक्ति घायल

**कीव।** यूक्रेन के अग्रिम क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट किया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एर गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। मॉस्को ने हालिया हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किये गये हमले में 14 लोग घायल हो गए।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।



गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकना गर्व की बात

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।



- भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

**अंतरिक्ष की यात्रा** | गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साक्षा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 20) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।




### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन:प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं।